*Towards freedom of Love, Relationship and Choice*

*For rejoicing solidarity and commitment to Humanity, Peace and Life*

# SAHAS 2015

**(Strengthening Alliances for Humanity and Secularism)**

dhanak

**(An organization of inter-faith/caste couples)**

# Thank you contributors!!

Shailaja & Zubair

Mudit & Farha

Trideep & Loveleen

Shabana & Manish

Zamrooda & Rajnish

Anwar & Himani

Nikunj & Samiya

Adil & Poonam

Rangwala & Amrita

Nayana & Agneeb

Munnalal & Razia

Mahfuz & Priyanka

Yusra & Rajesh

Natasha & Afzal

Shivaji & Surekha

Amitabh & Sehar

Ghazala & Naasir

Shweta & Jamal

Surendra & Farhat

Abha & Mirganka

Rajeev & Kashifa

Kashyap & Zulekha

Harsh & Rabaab

Swapn & Farha

Bharti Sharma

Vikas & Pooja

Arun & Kala

Apoorvanand & Poorva

Kavita & Jamshed

Neeraj & Ashima

Pragati & Johann

Sarfaraz & Dipti

Ragini & Bharat

Ajaz & Shweta

Neeraj & Javed

Mohd. Asif

Rahul & Prantika

Raghven & Anamika

Shiraz & Nicole

Shubhrajyoti & Shivani

# Introduction

By Editor : Dr. Rahul Das

Scarcely would one disagree with me, if I say that life is a struggle. Yet, there are a brave few who decide to take on life's insurmountable odds for the larger good of society so that this world is a better and a more harmonious place to live in.

It's been a year since a laudable effort was undertaken to galvanise the civil society over inter-caste and inter-faith marriages. That was Dhanak's initiative and its pillars were the indomitable couple Asif and Ranu.

This task is neither for the faint-hearted nor the weak-kneed. It is an onerous task that calls for extraordinary strength of character, which Asif and Ranu have in good measure.

In 2014 when SAHAS (Strengthening Alliances for Humanity and Secularism) was held, India realized for the first time that Valentine's Day could be a springboard for bringing about a dramatic change in mindset and well-entrenched values regarding marriages.

People from different walks of all life from all across this wide and diverse country trooped into the national capital for an engagement that has set the tone for a tectonic shift in old beliefs.

It is needless to say that last year's congregation was a huge success that has now put even greater responsibility on Dhanak to do even better this year.

Over the past year, a lot of effort has been undertaken by Dhanak to address the vital issue of inter faith and inter caste marriages. There have been successes. There have been disappointments too.

But, it has been a journey well worth it.

As the year has rolled by and we look forward to the second edition of SAHAS, it can be said with confidence that we have indeed put our best foot forward and our journey for a world filled with love and peace has well and truly begin.

# संपादकीय

**डा. राहुल दास**

अगर मैं ये कहूं कि जिंदगी एक मुसलसल जद्दोजहद है तो शायद ही कोई मेरे से असहमत होगा। इसके बावजूद, चंद जांबाज़ मिल ही जाते हैं जो समाज के व्यापक भले के लिए अपने हिस्से से ज्यादा मुश्किलों से दो–दो हाथ करने से भी बाज़ नहीं आते – इस उम्मीद में कि एक दिन ये दुनिया जीने के लिए और बेहतर, और खूबसूरत जगह बन जाएगी।

अंतर्जातीय और अंतर्धार्मिक विवाहों के पक्ष में साहस के नाम से नगर समाज को गोलबंद करने की सराहनीय कोशिशों को शुरू हुए एक साल हो चुका है। यह धनक की पहल थी और इसके पीछे आसिफ और रानू का अदम्य साहस काम कर रहा था।

जी हां, यह काम न तो कमजोर जिगर वालों के लिए है और न ही घुटने टेक देने वालों के लिए है। यह एक कठिन काम है जिसके लिए निडर किरदार चाहिए जो आासिफ और रानू, दोनों की ही खासियत है।

2014 में जब साहस (स्ट्रेंग्दनिंग एलायंस फॉर ह्यूमेनिटी ऐण्ड सेक्युलरिज्म) के नाम से पहला जलसा आयोजित किया गया था तो पहली बार हमारे देश में ये महसूस किया गया कि वैलेंटाइन्स डे शादी से संबंधित सोच और स्थापित मूल्य–मान्यताओं में नाटकीय बदलाव लाने का एक साधन भी हो सकता है।

देश भर से आए तमाम किस्म के लोगों का इस मौके पर राष्ट्रीय राजधानी में जुटना पुराने यकीनों में एक भूचाल ला देने वाला अनुभव था।

कहने की जरूरत नहीं कि पिछले साल का आयोजन एक शानदार कामयाबी साबित हुआ जिसने धनक पर इसे हर साल और भी बेहतर ढंग से आयोजित करने की जिम्मेदारी डाल दी है।

बीते एक साल के दौरान धनक द्वारा अंतर्धार्मिक एवं अंतर्जातीय विवाहों से जुड़े अहम मुद्दों पर काफी काम किया गया है। कई यादगार कामयाबियां मिली हैं और रास्ते में कई जगह हमें नाकामयाबी भी मिली हैं।

इन सारे उतार–चढ़ावों के बावजूद कुल मिलाकर यह एक यादगार सफर रहा।

साल 2014 तो बीत चुका है और अब हम साहस के दूसरे जलसे की तैयारी में हैं। अब हम पूरे यकीन के साथ कह सकते हैं कि हमने अपनी सबसे बढ़िया कोशिशें अंजाम दी हैं और प्यार व शांति से भरी दुनिया रचने का हमारा सफर सचमुच शुरू हो चुका है।

# Love…A jihad against religious fanaticism

**By Asif Iqbal**

Love between two individuals has been an inspiration for several writers, poets and film makers. But, during the last few years, love is drawing people's attention for wrong reasons.

Challenges of faith and other differences, which are being overcome by the duo in love, are now becoming significant for others. Suddenly, focus from 'success in love' has shifted to the element of 'cheating in love'.

Success or failure in love is based on various factors.

Similarly, marriage has its own challenges which have to be dealt by the couple, irrespective of the nature of marriage. But, surprisingly any failure or maladjustment between couples of two different faiths (particularly Hindu-Muslim) gets linked with the religion.

The word jihad is being linked with the innocent, natural and selfless feeling called love. A new term viz. “Love Jihad” is coined by few faith based organizations. The religious leaders from these organizations are encouraging men from their community to marry with women from other faith, to fulfill a religious motive. Some are doing it explicitly and others through clandestine methods. They are trying to strengthen the prevalent myths in our society that mixed marriages are never successful.

A few Hindu organizations are trying to propagate a myth that all such interfaith marriages where the male is a Muslim or Christian are malicious and are solemnized with single objective of religious conversion of the female from the other faith.

Similarly, the Muslim and Christian organizations are not ready to accept any interfaith marriage without religious conversion of a non-Muslim/Christian (except the Catholics). In any case, women are the worst sufferers.

Marriage is about compatibility but, the same compatibility becomes a cause of dispute in an interfaith marriage where the couple mostly doesn't have any contact from their respective families due to marriage out of their faith.

There is hardly any external support and the marital adjustment becomes difficult where both, the wife and husband are equally strong about their views and experiences related to worldly and religious practices.

But, it is almost impossible to paint such an alliance in black and white as they are dealing with a term called LOVE.

It will be appropriate here to share DHANAK's primary data of past one decade to address the projected malicious attempt of religious conversion in the name of love and marriage.

Out of more than 500 cases; around 50 percent Hindu, 31 percent Muslim and 7 percent Christian females have married or in love with males out of their faith. Remaining 12 percent are the cases of intra - caste/religion marriage or alliance. Apparently, the shared figures shall justify the

anguish of the Hindu extremist organizations.

However, if we take percentage of females marrying out of their faith from the total population of the urban females in each concerned faith, then the picture changes totally.

I would like to do a different calculation based on the religious population of urban females of India according to the 2001 census report. Out of around 13.6 Crores of total urban females, Muslim and Christian females add to 2.8 Crores and around 10 Crores are Hindu females. Surprisingly, we find that a total of 0.00068 percent of Muslim and Christian females is daring to marry out of their faith in comparison to 0.00024 percent of Hindu females.

I have limited my calculations to urban female population only, as majority of the cases being dealt by DHANAK are from urban background.

Moreover, it's a fact that, based on various socio-political orientation and educational exposure, the Hindu girls are in better position to exercise their Right to Choice.

DHANAK wishes same kind of empowerment for the females from other faiths too.

But, the data clearly reflects that the females equally empowered in Muslim and Christian community are able to take such crucial decision about their life.

So why love between a girl and boy from Muslim-Hindu background is being viewed with suspicion and is called love jihad? Shall we leave the word love to be redefined by those who have not experienced love in true sense? Surprisingly, the society is accepting the new definition of love which is being given by those who are working to spread hatred between people of different faiths and have no understanding or experience of love.

I would like to reiterate here that, love is natural and not a mission. None of us have used love and marriage for religious conversion of our spouse. But, now most of us are determined to use love as a non-violent tool to jihad against man-made differences of faith, caste, region, sex, language etc. Let's unite and deter the voice against all such attempts of building an exclusive society by the separatist forces.

# मोहब्बत– धार्मिक कट्टरता के खिलाफ एक जिहाद

– आसिफ इकबाल

दो लोगों के बीच मोहब्बत का जज़्बा न जाने कितने लेखकों, कवियों और फिल्मकारों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। मगर कुछ सालों से प्यार के इस जज़्बे पर तमाम नकारात्मक वजहों से ज्यादा चर्चा होने लगी है।
अभी तक केवल प्रेमी युगलों को ही धर्म और अन्य मुश्किलों का सामना करना पड़ता था मगर अब औरों के लिए भी ये अहम सवाल बनते जा रहे हैं। अचानक 'प्यार में कामयाबी' की बजाय 'प्यार में धोखे' पर ज्यादा जोर दिया जाने लगा है।

प्यार में सफलता या विफलता कई पहलुओं पर निर्भर करती है।

इसी तरह शादी की भी अपनी मुश्किलें होती हैं जिनका मिलकर सामना करना पड़ता है चाहे शादी का स्वरूप कैसा भी क्यों न रहा हो। मगर दो अलग-अलग धर्मों (खासतौर से हिंदू-मुसलमान) के मिश्रित जोड़ों के बीच किसी भी तरह की तकरार या शादी के नाकाम हो जाने को सीधे-सीधे धर्म के साथ जोड़कर देखा जाने लगता है।

आज एक मासूम, कुदरती और निस्वार्थ भावना को जिहाद के नाम से जोड़ दिया गया है। कुछ कथित धर्मरक्षक संगठनों ने "लव जिहाद" के नाम से एक नया नारा हवा में उछाल दिया है। इन संगठनों के धार्मिक नेता अपने समुदाय के लोगों को इस बात के लिए उकसा रहे हैं कि वे दूसरे धर्म की औरतों से शादी करें ताकि एक धार्मिक मकसद पूरा कर सकें! कुछ खुलेआम इस बात की वकालत कर रहे हैं और कुछ चोरी-छिपे इस बात को हवा दे रहे हैं। वे हमारे समाज में फैली इस व्यापक गलतफहमी को सींचने की कोशिश कर रहे हैं कि मिश्रित विवाह कभी कामयाब नहीं हो पाते।

चंद हिंदू संगठन यह गलतफहमी फैलाने की कोशिश कर रहे हैं कि ऐसे सभी अंतर्धार्मिक विवाह एक गहरी साजिश होते हैं जिनमें पति मुसलमान या ईसाई होता है। ऐसे संगठनों के मुताबिक, इन शादियों का मकसद केवल दूसरे धर्म की लड़कियों का धर्मांतरण करवाना ही होता है।

इसी तरह मुस्लिम और ईसाई संगठन भी किसी गैर-मुस्लिम/गैर-ईसाई (कैथोलिक्स के अलावा) के धर्मांतरण के बिना उसके साथ किसी अंतर्धार्मिक विवाह को बर्दाश्त नहीं करते। दोनों ही सूरतों में सबसे ज्यादा परेशानी औरतों को उठानी पड़ती है।

शादी का ताल्लुक सही मेल से है मगर यही मेल एक अंतर्धार्मिक विवाह में उस समय विवाद का विषय बन जाता है जब युगल के पास अपने धर्म के बाहर जाकर विवाह करने के कारण अपने परिवार के साथ किसी तरह का कोई संपर्क नहीं बचता।

जब पति और पत्नी, दोनों ही अपनी मजबूत राय रखते हों और दुनियादारी और धार्मिक मसलों का अनुभव रखते हों तो वैवाहिक एडजस्टमेंट मुश्किल हो जाता है और कोई बाहरी मदद भी मुश्किल हो जाती है।

लेकिन इस तरह के संबंध को केवल ब्लैक ऐण्ड व्हाइट में दिखाना ठीक नहीं होगा क्योंकि इस संबंध का वास्ता प्यार से होता है।

यहां धनक द्वारा इकट्ठा किए गए पिछले एक दशक के ऐसे आंकड़ों पर गौर करना प्रासंगिक होगा जिनका हवाला देकर प्यार और शादी के नाम पर धर्मांतरण को एक साजिश बताकर बदनाम किया जाता रहा है।

हमारे सामने जो 500 मामले आए हैं उनमें लगभग 50 प्रतिशत हिंदू, 31 प्रतिशत मुस्लिम और 7 प्रतिशत ईसाई लड़कियों ने अपने से भिन्न धर्म के लड़के से या तो शादी की है या प्यार किया है। बाकी 12 प्रतिशत घटनाएं अंतःजाति/अंतःधार्मिक विवाह या प्रेम की रही हैं। जाहिर है कि ये आंकड़े हिंदू चरमपंथी संगठनों के आक्रोश की पुष्टि करतें है।

मगर, यदि हम प्रत्येक धर्म की शहरी महिलाओं की कुल संख्या में अंतर्धार्मिक विवाह करने वाली महिलाओं का प्रतिशत देखें तो तस्वीर पूरी तरह बदल जाती है। यहां मैं 2001 की जनगणना के आधार पर शहरी महिलाओं की धर्मवार स्थिति के आधार पर एक अलग ढंग से गणना करना चाहता हूं। पूरे भारत में लगभग 13.6 करोड़ शहरी महिलाएं हैं। उनमें मुस्लिम और ईसाई महिलाओं की संख्या 2.8 करोड़ है और लगभग 10 करोड़ महिलाएं हिंदू हैं। हैरानी की बात है कि ऐसी मुस्लिम और ईसाई महिलाओं की संख्या 0.0068 प्रतिशत है जिन्होंने दूसरे धर्म के लड़के से शादी की है। इसके विपरीत, किसी दूसरे धर्म के लड़के से शादी करने वाली हिंदू महिलाओं की संख्या अपनी आबादी में कुल 0.00024 प्रतिशत बैठती है। मैंने अपनी गणना केवल शहरी महिलाओं की आबादी तक सीमित रखी है क्योंकि धनक के सामने जो ज्यादातर मामले आए हैं वे शहरी पृष्ठभूमि वाले ही रहे हैं।

इसके अलावा, यह भी सच्चाई है कि विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक रुझानों और शैक्षिक अनुभवों के आधार पर हिंदू लड़कियां अपनी मर्जी से शादी करने के अधिकार का इस्तेमाल करने की ज्यादा पुख्ता हालत में होती हैं।

धनक कामना करता है कि दूसरे धर्मों की लड़कियों को भी इस तरह का बल और छूट मिले।

मगर अभी तक के डेटा से साफ पता चलता है कि मुस्लिम और ईसाई समुदाय में भी जो ज्यादा सबल और आत्मविश्वास से लैस महिलाएं हैं वे अपनी जिंदगी के बारे में इन अहम फैसलों को खुद लेना चाहती हैं।

तो फिर मुस्लिम-हिंदू पृष्ठभूमि के किसी लड़की और लड़के के प्यार को ही शक की नजर से क्यों देखा जा रहा है और क्यों इसे लव जिहाद का नाम दे दिया गया है?क्या हम इतने नाकारा हो गए हैं कि प्यार को भी ऐसे लोगों द्वारा परिभाषित हो जाने देंगे जिनके पास सही अर्थों में प्यार का कोई अनुभव ही नहीं है?हैरानी की बात है कि हमारा समाज प्यार की इस नई परिभाषा को स्वीकार भी करने लगा है जबकि यह परिभाषा ऐसे लोगों ने दी है जो धर्मों के बीच नफरत फैलाने पर आमादा हैं और जिनके पास प्यार की न तो कोई समझ है और न कोई तजुर्बा है।

यहां मैं एक बार फिर यह दोहराना चाहता हूं कि प्यार कुदरती होता है। यह किसी मिशन का मकसद नहीं होता। हममें से किसी ने भी अपनी पत्नी या पति के धर्मांतरण के लिए प्रयार या शादी का सहारा नहीं लिया है। मगर अब हममें से ज्यादातर लोग इस बात के लिए कृतसंकल्प हैं कि प्यार को धर्म, जाति, इलाके, लिंग, भाषा आदि की मानव निर्मित विभाजक रेखाओं के खिलाफ जिहाद का एक अहिंसक हथियार बना देंगे! आइए एकजुट होकर उन सारी आवाजों को पीछे धकेल दें जो एक विभाजित समाज बनाना चाहती हैं।

# Love Jihad: Twenty Five Years On

**By Shailaja Rao, Asif Iqbal and Wanette Tuinstra**

Shailaja Rao and Zubair Mohammad are an interfaith Hindu-Muslim couple. They married despite an incredulous display of opposition from both civil authorities and self-appointed community leaders, both of who claimed that their actions in contravention to the Special Marriage Act (1954) were in fact in the couple's best interest.

Fortunately, Shailaja and Zubair were not dissuaded and twenty five years and two children later, are able to share their tale together which although, heartwarming, remains acutely relevant to today.

"Our story has the elements that formulate a typical Bollywood movie. Boy meets girl; they fall in love and plan to get married; parents oppose; they get married anyway and live happily ever after. Many interfaith couples experience a similar outline but once details are appended, each couple has a unique story to tell." begins Shailaja.

“Zubair and I met in 1984. At first, we developed a great friendship and respect for each other. Later, realizing our friendship had a deeper meaning we decided to get married. We both were determined on having a court marriage but were open to satisfying our parents' wishes regarding wedding celebrations, if they were agreeable to our relationship. That sadly did not happen.

“We went ahead and filed for the Notice of Intended Marriage required for the Special Marriage Act and submitted it on April 1, 1985. In India, there is a

mandatory one month waiting period before a couple can solemnize their marriage. During this period, a public notice is displayed on a bulletin board outside the court building. In addition, a notice is sent to the parents/guardians. These are the main deterrents for couples who intend to marry in such a way. We were however blissfully ignorant of these potential issues. The strongest aspect of the Special Marriage Act is that it is a civil contract between two people, irrespective of a religion or faith they follow and there are no ceremonial requirements. This appealed to us.

“During the month long waiting period, we had someone who claimed to be a lawyer visit our home. He tried to convince me that I was making a mistake which would be devastating for the rest of my life. He eventually left with no assurance from me to even consider backing off from what I intended to do.

“In addition to this incident, unexpectedly, a notice of our imminent marriage got delivered by mail. My father dismissed my intentions as silly and childish. I believe he assumed I was really not going to go ahead with it.

“We intended to get married as soon as the waiting period was completed. Zubair was firm about not waiting any longer than required to avoid issues that could possibly creep up if the word about our marriage got around.

“The morning of our wedding, I attempted to get my parents' approval one last time, by telephone as they were abroad. Their answer was not any different from their previous ones. Zubair and I went ahead with making arrangements for our trip to the court.

“Despite having been extremely cautious, Zubair could sense something was stirring up in his office when the staff found out why he was applying for leave that day. He decided there was no time to spare and we had to get to the court sooner rather than later.

“We rushed into an auto rickshaw and on our way picked up some of our friends who accompanied us to the court. We breathed a sigh of relief when we got there safely and our excitement was building at the thought that we would soon be recognized as husband and wife. Little did we know that the real drama was yet to unfold.

“We eagerly looked forward to being called into the magistrate's room. More friends gathered to support and celebrate with us. We were guided into the room by the court staff. But as we entered, we were startled to see some familiar faces inside the room. These men were from my father's workplace.

“It became apparent that they had managed to dash to the courthouse before we did and had already discussed their disapproval over our impending marriage with the magistrate. The magistrate began by saying that I was not of marriageable age despite having my date of birth on paper. When he noticed I did not succumb to his nonsensical comment, he went on to say that my parents (who were living abroad at the time) were on their way to participate in the ceremony and that we should wait for them. This remark didn't hold with us either. I told him that I had spoken to my parents a few hours ago and they were aware of my intention of getting married and were unwilling to participate.

"Eventually, the magistrate was running out of ideas on how to stop the marriage and decided to separate me from everyone else so he could speak to me alone. Then, I was taken to another room along with the familiar men to have a conversation. There, they repeatedly explained how they were trying to

protect me and considered me as their daughter. After much effort on their part, they gave up as I stood firm with my decision.

“Once again back in the magistrate's room there was yet another round of debate. This time, our friends began to emphatically vocalize their support for us. The magistrate finally buckled under pressure and went ahead to complete the formalities of the marriage process. The day was May 2, 1985.”

Shailaja and Zubair's succeeded in getting married but their tale is not unique. Despite the commitment and tenacity of couples such as them who availed themselves of the Special Marriage Act of 1954, the last sixty years in India have actually borne witness to an increasing hostility to Interfaith and inter caste couples. Asif Iqbal of DHANAK, an advocacy and support organisation for Inter Faith and Inter Caste couples, explains that: “The situation has not changed over the last 60 years in India. Although, Mixed marriages are getting media attention now the situation has become worse due to the involvement of religious organizations. Religious hatred, patriarchal mindsets and poor legal and administrative support are the challenges to interfaith marriage. “

The Special Marriage Act (1954) is the only civil marriage legislation in India that permits interfaith marriage, in that the faiths of the marrying couple are essentially irrelevant. Elsewhere in India, interfaith couples could be married in a Hindu ceremony and the marriage registered in a Hindu Marriage Act (1955) if one of the partners converts to Hinduism. Alternatively, in some states an Islamic nikah is possible, again if one of the partners converts to Islam.

Indeed for many interfaith couples in India, conversion is the most expedient route to marriage. Avantika Srivastva, Program Coordinator at AALI's Resource Centre (Association for Advocacy and Legal Initiatives, a Lucknow-based feminist advocacy group that addresses issues of violence against women and has been working on women's right to choice in sexual relationships.) explains that

“When couples apply to be married under the Special Marriage Act, a one-month notice announcing the marriage is put up in court. This creates fear in the minds of couples of word of their marriage reaching their families. They are also afraid that if someone in the family comes to know, it could even lead to honor killing.” Precisely the experience of Shailaja and Zubair.

“But if the boy or girl converts, they have the option of either going to an Arya Samaj mandir, in which case they will get a marriage certificate by end of the day, or doing a nikah, in which case they will get a nikah nama, which is also a legally valid document. So this also a reason why the boy or the girl converts” explains Srivastva further.

The incentive to convert in order to facilitate a recognized marriage however does not solve the wider social issues that underpin the opposition to interfaith and inter caste marriage in India. Asif Iqbal of DHANAK explains that,

"Although, it's a constitutional right to any Indian citizen to adopt, practice, and preach its religion, there are a few states like Gujarat, Tamil Nadu, Himachal Pradesh etc. which curbs this right with their state laws (that are unconstitutional). Any interfaith couple who wish to go for a religious marriage in these listed states, have to intimate the local authorities about conversion of one of the couples, as no religious marriage is possible between interfaith couples (particularly Hindu-Muslim

couple) without religious conversion of one of the couples. The only option of marriage under Special Marriage Act (SMA) is too challenging for many couples...so basically, the couple can't get married."

"In other states where there is no state law against religious conversion the couple prefer religious marriage as it is quick and easy to perform but then there comes the question of Love Jihad."

Love Jihad is the highly inflammatory, conspiracy driven, political term given by Hindu nationalists to instill fear in Hindu communities that Muslim men will seduce Hindu women, forced them to convert, undermine the caste system in order to propagate Islam and alter in their favor the religious demographics of India. The 'Love Jihad' banner is a highly effective fear tactic to keep communities segregated, sanction honor related violence and maintain the political stranglehold of patriarchy. It encourages violent crimes against those women in particular who dare to defy tradition- and risk diluting their community identity- by marrying outside of their caste or religion. The same accusations have been hurled at Christians and Buddhists accused of luring Hindus from lower castes into the fold. Asif Iqbal explains that, "The religious organizations are becoming vocal and violent against interfaith marriages as they want to retain the social order and mixed marriages are an aberration which is affecting the purity of race also. Unfortunately they are too powerful to be opposed and have their significant presence in India."

The rationale behind the 'love jihad' conspiracy and the very real consequences on the safety of many interfaith and inter caste couples in India, goes some way in explaining why civil authorities- such as the magistrate in the case of Shailaja and Zubair -are often complicit in opposing and preventing mixed marriages, and are willing to contradict the legal provisions available to interfaith and inter caste couples.

Inter faith and Inter caste couples in India, not only face particular legal obstructions to their marriage, but find few places to turn. The hostility to Mixing in India means that interfaith and inter caste couples often have to go on the run, because even the police are known to return young women to their families. In some cases young women are pressured to lie and claim they were raped or otherwise duped into a marriage in order to save the family's honor. The young man is subsequently charged with kidnapping and a cycle of communal vengeance ensues, with deadly consequences.

"This an extremely serious issue. This kind of a campaign will have serious negative implications on couples who are in inter-religious relationships and marriages. They will be afraid now of being attacked or having such allegations levelled against them. Such statements (raising fears about 'love jihad) have strong impact on people because it has to do with religious sentiments, with people's faith and beliefs. When such insecurities are created in the minds of parents, they'll be afraid that their daughters will be trapped. And because of such feelings of insecurity, the vulnerability and violence against women will only increase," says Avantika Srivastva, from AALI's Resource Centre.

Asif Iqbal of DHANAK adds, that "Conversion is an issue for inter faith couples, but in the way it is being pitched as Love Jihad is very dangerous. It leads to hatred and threatens the very existence of inter-faith couples. The entire list of questions like poor implementation and awareness of the Special Marriage Act, control over the sexuality, liberty and equality of women, and faith based co-existence are

being brushed away by the term, 'Love Jihad.'"

The prospect of 'love jihad' encourages many families to adopt ever more restrictive practices to safeguard the undue burden placed upon girls and women to maintain the purity of the community, such as forced early marriage, and removal from integrated schools and workplaces. The arranged marriage system which underpins Indian family life is adopted by Hindus, Christians, Muslims and Sikhs in order to preserve family lineage, cultural and religious traditions. Interfaith and inter caste marriages not only threaten the homogeneity of India's faith communities but are also a significant challenge to the pervasive, institutionalized inequality, best exemplified by the caste system. Kancha Illia, Director, Centre for the Study of Social Exclusion and Inclusive Policy, Maulana Azad National Urdu University, Hyderabad writing on the phenomenon of interfaith and inter caste marriages in India, explains that many women throughout India's history have embraced other faiths in order to secure their wellbeing and equality. Illia cites the case of the Brahminic lower caste Hindu women had been ostracized by society, forced to go semi- naked and whose 'untouchableness' forced them endure seclusion and exploitation, until the Cheraman Perumal royals converted many of them to Islam in the early 6th century.

Illia writes that, for loving Muslim men was a true jihad, a resistance against oppression for these lower caste women as it improved their status and wellbeing and in some ways liberated them. In his view, if certain patriarchal forces in India want to stop conversion, or ' If they, indeed, want to stop "love jihad", they should take up massive social reforms amongst all castes. The reforms should be spiritual, cultural, and include the dimension of man-woman relationship."

The fear tactics against interfaith and inter-caste Marriage, from 'Love Jihad' to honor related violence, to obstructive civil authorities and legal mechanisms also nearly completely obfuscate the benefits and particular joys of inter faith and inter caste family life. Asif Iqbal is effusive in explaining both the personal delights of an interfaith marriage and the wider social benefits,

"The joys of interfaith marriage is about celebrating different festivals like Holi, Diwali, EIDs, Christmas etc. Moreover, it has also helped us to be rationale about various religious practices and beliefs. The understanding about other faith has increased."

"Marriage has its challenges irrespective of its nature. Couples associated with DHANAK feel happy about their mixed marriage. Although, it is equally challenging to swim upstream. It's a perpetual challenge because we are living and leading our lives according to our terms and perception of faith. The pride and perspective about interfaith alliance are shared from personal experiences in regular meetings and mails."

Aside from the threats stemming from 'love jihad' propaganda and providing that the couple can find a way forward through the legalities of interfaith and inter caste marriage, a key concern about interfaith marriage is that the children will be neither one faith nor the other, and will be confused, but Asif Iqbal's perception is refreshingly, quite the opposite. "Actually, it is we are confused, not the children of mixed parentage. Children are smart enough to deal with the diversities and complexities of life. The differences between the parents are healthy ones, provided they are resolved or debated peacefully. Differences will appear normal if the parents believe in equality and respect other faiths and so shall the

message will be conveyed to the kids. It's important the message related to faith disputes between the parents should be conveyed properly to the kids or else it will leave a bitter taste in the child's mind and he or she will evolve her own way of dealing with it."

Reflecting on her own lengthy experience, Shailaja and Zubair are also emphatic that respect has also been a key component for a successful interfaith marriage, and Shailaja also has some further advice for Mixed couples, "The advice I give to future interfaith couples is that the foundation for any marriage is love and respect for each other. I also emphasize that it is beneficial for both individuals to be financially independent. I believe this gives the freedom and confidence to take that daring step in a society which is plagued by a caste system, religious tensions and a patriarchal mentality."

For Zubair and Shailaja, twenty five years of interfaith love has proven to be its own greatest joy and benefit, and is an experience they want to share with others. "On the occasion of our 25th wedding anniversary I started an Interfaith Marriage group in Facebook." Explains Shaliaja of her decision to widen the benefits of interfaith marriage to other couples and wider society, "My intention to start this group was to see what type of issues couples face in these times and to help in some way. The group has grown to over 450 members. The group has exposed me to many wonderful people worldwide with similar interests, backgrounds etc. and it has been extremely rewarding. "

Despite experiences of bureaucratic obstinacy, family opposition and even threats, Shailaja and Zubair as well as Iqbal and the other volunteers at DHANAK are humble in their acknowledgement that their cross cultural marriages and families will have a bigger impact on building an Indian society of equality and tolerance. For Shailaja, her inspiration and hope is best exemplified by her favorite quote from John Lennon's 'Imagine'

"You may say I'm a dreamer, but I'm not the only one. I hope someday you'll join us. And the world will live as one."

**The article was first published at**
http://goldenroomblog.wordpress.com/2014/02/12/dhanak-celebrates-valentines-day/

## लव जिहाद : 25 साल बाद

– शैलजा राव, आसिफ इकबाल और वैनेट तुइंस्त्रा

शैलजा राव और जुबैर अहमद एक अंतर्धार्मिक हिंदू-मुस्लिम दंपति हैं। सरकारी विभागों और समुदायों के स्वयंभू नेताओं, दोनों की तरफ से उनकी शादी का जबर्दस्त विरोध हुआ था। शैलजा और जुबैर, दोनों ही का कहना है कि सरकारी महकमों और स्वयंभू धर्मरक्षकों द्वारा विशेष विवाह अधिनियम (1954) का यह विरोध उनके लिए वास्तव में हितकारी ही साबित हुआ।

सौभाग्य से शैलजा और जुबैर ने हिम्मत नहीं हारी और 25 साल की शादीशुदा जिंदगी और दो बच्चों की पैदाइश के बाद आज वे अपनी कहानी सुनाने को तैयार हैं। उनकी कहानी दिल को छू लेने वाली मगर आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी 25 साल पहले थी।

बकौल खुद शैलजा, "हमारी कहानी में वो सारे पहलू हैं जो किसी भी बंबइया फिल्म में जान डाल देते हैं। लड़का लड़की से मिलता है; दोनों को

मोहब्बत हो जाती है; वे शादी के मंसूबे बांधते हैं, मां-बाप मुखालिफत करते हैं। इसके बावजूद वे शादी कर लेते हैं और हमेशा के लिए खुशियों की वादियों में खो जाते हैं। बहुत सारे अंतर्धार्मिक जोड़ों को इसी नक्शे पर चलना पड़ता है मगर जब आप ब्योरों में जाते हैं तो हर कहानी एक अनूठापन लिए मिलती है।

"जुबैर और मेरी पहली मुलाकात 1984 में हुई थी। शुरुआत में हमारे बीच बहुत गहरी दोस्ती और एक-दूसरे के लिए भारी सम्मान था। धीरे-धीरे हमें महसूस होने लगा कि यह दोस्ती हमारे लिए सामान्य से कहीं ज्यादा मतलब रखती है और लिहाजा हमने शादी का फैसला लिया। हम दोनों ने तय किया था कि हम केवल कोर्ट मैरिज करेंगे मगर हम वैवाहिक उत्सव के आयोजन के सवाल पर दोनों के माता-पिता की इच्छाओं का सम्मान करने के खिलाफ भी नहीं थे बशर्ते वे हमारे इस संबंध को मानने के लिए तैयार हो जाएं। अफसोस, ऐसा नहीं हो पाया।

"बहरहाल, हम अपने मंसूबों के मुताबिक चलते रहे और हमने पहली अप्रैल 1985 को विशेष विवाह अधिनियम के तहत नोटिस ऑफ इंटेंडेड मैरिज यानी शादी की मंशा का नोटिस जारी करने के लिए आवेदन दे दिया। आपको जानते होंगे कि हमारे देश के कानून में ये प्रावधान है कि किसी आवेदक दंपति का विवाह संपन्न कराने से पहले अदालत उन्हें एक महीने का वेटिंग पीरियड यानी इंतजार का वक्त देती है। इस बारे में कोर्ट के बाहर बुलेटिन बोर्ड पर एक पब्लिक नोटिस चस्पां कर दिया जाता है। इसके साथ ही एक नोटिस आवेदकों के मां-बाप/अभिभावकों को भी भेज दिया जाता है। जो युवा अपनी मर्जी से शादी करना चाहते हैं उनके लिए यह प्रावधान एक बड़ी समस्या है। हमें तो इन सारे पहलुओं का कोई इल्म ही नहीं था और लिहाजा हम अपने कदम से बहुत खुश थे। विशेष विवाह अधिनियम का सबसे सख्त पहलू यह है कि इसके तहत दो लोगों के बीच एक सामाजिक अनुबंध संपन्न किया जाता है चाहे वे दोनों किसी भी धर्म या आस्था को क्यों न मानते हों। न ही इस कानून में किसी किस्म की रस्मी तड़क-भड़क की जरूरत होती है। यह सादगी हमें भी भाती थी।

"महीने भर के इंतजार के दौरान एक साहब हमारे पास आए जिन्होंने दावा किया कि वे वकील हैं। उन्होंने मुझे समझाने की कोशिश की कि मैं एक नादानी कर रही हूं जो मेरी सारी जिंदगी तबाह कर सकती है। आखिरकार उन्हें मायूस लौटना पड़ा। मैंने उन्हें अपने इरादे से पीछे हटने की तो बात ही छोड़िए, उस पर एक बार फिर सोचने का भरोसा तक नहीं दिलाया।

"इसी दौरान हमारे संभावित विवाह का नोटिस भी डाक से हमारे घर आ गया जिसकी मुझे कोई उम्मीद नहीं थी। मेरे पिता ने मेरे इस इरादे को बेवकूफी और बचपना कहकर सीधे-सीधे खारिज कर दिया। मेरे खयाल में, उनको लगा था कि मैं वाकई इस फैसले को अंजाम देने वाली नहीं हूं।

"हम इंतजार का वक्फा खत्म होते ही शादी कर लेना चाहते थे। जुबैर का पक्का इरादा था कि तयशुदा इंतजार के बाद शादी को टालना कतई ठीक नहीं होगा क्योंकि अगर इस शादी की बात फैल गई तो न जाने और क्या-क्या बखेड़े खड़े हो जाएं।

"शादी की सुबह मैंने एक आखिरी बार फिर से अपने मां-बाप की सहमति लेनी चाही। मैंने उन्हें टेलीफोन पर जानकारी दी और इजाजत मांगी क्योंकि वे उस समय विदेश गए हुए थे। उनका जवाब अब भी वही था जो पहले था। खैर, जुबैर और मैं अदालत जाने की तैयारी में लग गए।

"तमाम अहतियात के बावजूद जुबैर को इस बात का शुबहा होने लगा था कि उनके दफ्तर में कुछ तो उथल-पुथल चल रही है। लोगों को उनकी उस दिन की छुट्टी के बारे में पता चल गया था। खैर, जुबैर ने तय किया कि अब यह सब सोचने के लिए हमारे पास वक्त नहीं बचा है और हमें जल्दी से जल्दी अदालत पहुंच जाना चाहिए।

"हम एक ऑटो रिक्शा में बैठे और अदालत की तरफ रवाना हो गए। रास्ते में हमने कुछ दोस्तों को भी साथ ले लिया। जब हम सब महफूज अदालत पहुंच गए तो हमें बड़ी तसल्ली मिली। हम इस खयाल से रोमांचित थे कि बस कुछ ही देर में हमें पति और पत्नी की हैसियत मिल जाएगी। इस बात का तो हमें शुबहा ही नहीं था कि असली ड्रामा तो यहां से शुरू हो रहा है।

"हम मजिस्ट्रेट के सामने बुलाए जाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इस दौरान कुछ और दोस्त भी हमारा साथ देने और हमारी खुशियों में शरीक होने के लिए आ चुके थे। अदालत के कर्मचारी हमें न्यायालय कक्ष

में लेकर गए। मगर जैसे ही हम भीतर दाखिल हुए, वहां कई जाने-पहचाने चेहरे देख कर हम भौंचक्का रह गए। ये सारे साहेबान मेरे पिता के दफ्तर से तशरीफ लाए थे।

“अब तस्वीर कुछ-कुछ समझ में आने लगी थी। ये लोग हमसे पहले ही अदालत के कमरे में पहुंच गए थे और हमारे संभावित विवाह के बारे में मजिस्ट्रेट के सामने अपनी नाराजगी जता चुके थे। मजिस्ट्रेट साहब ने कार्रवाई शुरू करते हुए फरमाया कि मैं अभी शादी की उम्र पर नहीं पहुंची हूं हालांकि मेरे पास मेरा जन्म प्रमाणपत्र मौजूद था। जब उन्होंने महसूस किया कि मैं उनकी इस बेतुकी दलील के सामने डिगने वाली नहीं हूं तो उन्होंने नया पैंतरा चला। उन्होंने जानकारी दी कि मेरे मां-बाप (जो उस वक्त विदेश में रह रहे थे) विवाह उत्सव में शामिल होने के लिए लौट रहे हैं और लिहाजा हमें उनका इंतजार कर लेना चाहिए। उनकी इस तजवीज से भी मेरे ऊपर कोई असर नहीं पड़ा। मैंने उनको जानकारी दी कि मैं अपने माता-पिता से कुछ घंटे पहले ही बात कर चुकी हूं, वे मेरे इरादे से वाकिफ हैं और मेरी शादी में शामिल होने का उनका कोई इरादा नहीं है।

“कुल मिला कर, इस शादी को रुकवाने के लिए मजिस्ट्रेट साहब के पास कोई और तरीका नहीं बचा था। आखिरकार, उन्होंने हुक्म दिया कि वह मुझसे अलग से बात करना चाहते हैं। उन्होंने मुझे अलग एक कमरे में बातचीत के लिए बुलाया। मुझे लगा था कि शायद वह सचमुच मुझसे तन्हा बात करना चाहते हैं मगर क्या देखती हूं कि मेरी जान-पहचान वाले तो यहां भी हाजिर थे। अबकी बार वे सभी बार-बार मुझे समझाने लगे कि वे मेरी हिफाजत के लिए कितने फिक्रमंद हैं और मुझे अपनी बेटी जैसा मानते हैं। खैर, अपनी काफी कोशिशों के बाद उन्होंने भी हथियार डाल दिए क्योंकि मैं अपने फैसले पर कायम थी।

“एक बार फिर हम मजिस्ट्रेट के कमरे में वापस लौटे और बहस का एक और सिलसिला शुरू हुआ। शुक्र रहा कि इस बार हमारे दोस्त भी हमारे हक में खुलकर बोलने लगे थे। आखिरकार मजिस्ट्रेट साहब इस दबाव के सामने लाचार हो गए और उन्होंने विवाह प्रक्रिया की औपचारिकताओं को पूरा कराया। यह 2 मई 1985 की तारीख थी।”

शैलजा और जुबैर अपनी मर्जी से शादी करने में कामयाब तो हुए मगर उनकी कहानी ऐसी कोई अकेली कहानी नहीं है। विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत मिली आजादी का फायदा उठाने वाले उनके जैसे बहुत सारे जोड़ों की लगन और हठ के बावजूद हमारे मुल्क के पिछले साठ साल अंतर्धार्मिक और अंतर्जातीय संबंधों के प्रति दिन-प्रतिदिन बढ़ती घृणा और नामंजूरी के गवाह भी रहे हैं। अंतर्धार्मिक एवं अंतर्जातीय जोड़ों के लिए पैरवी करने और उनको मदद देने वाले धनक नामक संगठन के आसिफ इकबाल बताते हैं, “पिछले साठ साल में भी इस मद में हालात बदले नहीं हैं। अब मिश्रित विवाहों पर मीडिया पहले से ज्यादा ध्यान तो देने लगा है मगर धार्मिक संगठनों की बढ़ती सक्रियता के कारण हालात कठिन ही होते जा रहे हैं। धार्मिक नफरत, पितृसत्तात्मक सोच और गैरमददगार कानूनी व प्रशासकीय सहायता अंतर्धार्मिक विवाहों के रास्ते में सबसे बड़ी रुकावटें हैं।”

विशेष विवाह अधिनियम (1954) हमारे देश में एकमात्र ऐसा विवाह कानून है जो अंतर्धार्मिक विवाहों को मंजूरी देता है। यह कानून इस मान्यता पर आधारित है कि विवाह के इच्छुक व्यक्तियों का धर्म कोई मायने नहीं रखता। इसके अलावा, हमारे देश में अंतर्धार्मिक जोड़े हिंदू रीति-रिवाज से भी शादी कर सकते हैं और उस विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम (1955) के तहत पंजीकृत कराया जा सकता है - बशर्ते दोनों में से कोई एक व्यक्ति हिंदू धर्म स्वीकार कर ले। इसके स्थान पर, कुछ राज्यों में इस्लामिक ढंग से निकाह का भी विकल्प मौजूद है बशर्ते एक जोड़ीदार इस्लाम को स्वीकार कर ले।

असल में भारत के बहुत सारे अंतर्धार्मिक जोड़ों के लिए धर्मांतरण ही शादी का सबसे आसान और सुगम तरीका है। आली (एसोसिएशन फॉर एडवोकेसी ऐण्ड लीगल इनीशिएटिव्ज़, महिला विरोधी हिंसा के मुद्दों पर काम करने वाला एक लखनऊ आधारित नारीवादी एडवोकेसी संगठन जो यौन संबंधों में महिलाओं के चयन के अधिकार पर भी काम कर रहा है) रिसोर्स सेंटर की प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अवांतिका श्रीवास्तव बताती हैं :

“जब कोई जोड़ा विशेष विवाह अधिनियम के तहत शादी की अर्जी देता है तो इस शादी का ऐलान करते हुए महीने भर का नोटिस कोर्ट में लगा दिया जाता है। इससे आवेदक जोड़ों के जहन में इस बात का डर बैठ जाता है कि अब यह खबर उनके परिवारों तक भी पहुंच जाएगी। उनको इस बात का ठोस डर रहता है कि अगर उनके परिवारों में से किसी को

पता चला तो ऑनर किलिंग जैसा हश्र भी पेश आ सकता है।" वही बेचैनी जो शैलजा और जुबैर ने भी महसूस की थी।

श्रीवास्तव आगे बताती हैं, "मगर, यदि लड़का या लड़की अपना धर्म बदल ले तो उनके पास आर्य समाज मंदिर में जाने या निकाह करने का विकल्प आ जाता है। आर्य समाज मंदिर में विवाह करने पर उन्हें शाम तक ही विवाह प्रमाण पत्र मिल जाता है। निकाह करने पर उन्हें निकाहनामा मिल जाता है। ये दोनों ही कानूनन वैध दस्तावेज हैं। लिहाजा, यह भी एक अहम वजह है जिसके चलते लड़का या लड़की अपना धर्म बदल लेते हैं।"

किसी मान्यता प्राप्त विवाह को संपन्न करने के लिए धर्म परिवर्तन का यह विकल्प भी उन सारी सामाजिक समस्याओं का हल नहीं दे पाता जो अंतर्धार्मिक और अंतर्जातीय विवाहों के खिलाफ काम करती हैं। धनक के आसिफ इकबाल के मुताबिक :

"यों तो हर हिंदुस्तानी नागरिक को अपनी मर्जी से किसी भी धर्म को अपनाने, उसको अमल में लाने और उसका प्रचार करने संवैधानिक अधिकार मिला हुआ है मगर गुजरात, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश आदि कुछ राज्यों के प्रादेशिक कानूनों (जोकि असंवैधानिक कानून हैं) के तहत इस आजादी पर गंभीर बंदिशें भी हैं। यदि इन राज्यों में कोई भी अंतर्धार्मिक जोड़ा धार्मिक विवाह का विकल्प अपनाना चाहता है तो सबसे पहले उसे दोनों में से किसी एक व्यक्ति के धर्म परिवर्तन के बारे में स्थानीय प्रशासन को सूचित करना होता है क्योंकि अंतर्धार्मिक जोड़ों (खासतौर से हिंदू-मुस्लिम जोड़ों में) तब तक धार्मिक विवाह संभव नहीं है जब तक दोनों में से एक व्यक्ति उस धर्म को न अपना ले जिस धर्म के तहत वे शादी करना चाहते हैं। विशेष विवाह अधिनियम के तहत शादी का एकमात्र विकल्प बहुत सारे जोड़ों के लिए कांटों भरा रास्ता होता है... लब्बोलुआब ये कि इस रास्ते पर चल कर शादी करना तकरीबन नामुमकिन है।

"दूसरे राज्यों में, जहां धर्मांतरण के खिलाफ कोई प्रादेशिक कानून नहीं है वहां प्रेमी युगल आमतौर पर धार्मिक विवाह को ही प्राथमिकता देते हैं क्योंकि धार्मिक रीति से विवाह जल्दी संपन्न हो जाता है। मगर ऐसे हालात में उनके सामने लव जिहाद का सवाल आ खड़ा होता है।"

'लव जिहाद' बेहद भड़काऊ, साजिशन और राजनीतिक स्वार्थों से प्रेरित जुमला है जो हिंदू कठमुल्लाओं ने हिंदुओं में यह डर पैदा करने के लिए उछाल दिया है कि मुस्लिम लड़के हिंदू लड़कियों को फुसला कर उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए बाध्य करेंगे, इस्लाम के प्रसार के लिए जाति व्यवस्था को नष्ट कर देंगे और भारत के धार्मिक समीकरण को अपने पक्ष में मोड़ लेंगे। लव जिहाद का नारा दोनों समुदायों को एक-दूसरे से दूर रखने, इज्जत और खानदान के नाम पर होने वाली हिंसा तथा पितृसत्ता के राजनीतिक वर्चस्व को जायज ठहराने का बहुत कारगर भय-प्रेरित नारा है। यह नारा परंपरा को चुनौती देने का साहस दिखाने – और फलस्वरूप अपनी सामुदायिक पहचान के क्षीण होने का जोखिम उठाने – वाली ऐसी महिलाओं के साथ खुलेआम और बहुधा बर्बर हिंसा को बढ़ावा देता है जो अपनी जाति या धर्म के बाहर विवाह करना चाहती हैं। यही इल्जाम अकसर ईसाइयों और बौद्धों पर भी लगाया जाता रहा है कि वे निचली जातियों के हिंदुओं को फुसला कर अपने धर्म में खींच रहे हैं। आसिफ इकबाल के मुताबिक, "धार्मिक संगठन अंतर्धार्मिक विवाहों के खिलाफ मुखर और हिंसक होते जा रहे हैं क्योंकि वे सामाजिक व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं चाहते। उनके हिसाब से मिश्रित विवाह एक ऐसा भटकाव है जो कथित नस्ली शुद्धता के उनके दावे को ठेस पहुंचाता है। अफसोस कि आज हमारे देश में ऐसे लोगों की ताकत इतनी बढ़ चुकी है कि उनका विरोध करना मुश्किल हो गया है।"

'लव जिहाद' की कथित साजिश के खिलाफ दी जाने वाली दलील और बहुत सारे अंतर्जातीय और अंतर्धार्मिक युगलों पर इससे जो गंभीर असर पड़ते हैं, उनसे एक हद तक इस बात को समझा जा सकता है कि क्यों सिविल प्रशासन भी अकसर मिश्रित विवाहों को रोकने में शामिल हो जाता है – मसलन शैलजा और जुबेद के मामले में मजिस्ट्रेट का व्यवहार – और अंतर्धार्मिक व अंतर्जातीय युगलों के लिए उपलब्ध वैधानिक प्रावधानों को धता बताने से बाज नहीं आता।

भारत में अंतर्धार्मिक और अंतर्जातीय युगल न केवल अपने विवाह के रास्ते में खास कानूनी बाधाओं का सामना करते हैं बल्कि उनके पास मदद और गुहार लगाने के लिए कोई ज्यादा विकल्प भी नहीं होते। भारत

में मिश्रित संबंधों के प्रति इस विद्वेष का नतीजा यह होता है कि अंतर्धार्मिक और अंतर्जातीय युगलों को अकसर अपने-अपने घरों से भागना पड़ता है क्योंकि घरवालों की तो बात ही छोड़िये, अगर पुलिस को भी पता चल गया तो वह भी उनको मदद देने की बजाय उन्हें जबरन उनके घर वालों के हवाले करने से बाज नहीं आएगी। कुछ जगहों पर युवतियों को डरा-धमका कर उनसे यह बयान तक दिलवाया गया है कि उनके साथ बलात्कार हुआ है या उनको शादी के लिए फुसलाया गया है ताकि परिवार की इज्जत पर कोई आंच न आ जाए। ऐसे विपरीत हालात का नतीजा यह होता है कि ऐसी लड़की के प्रेमी को अपहरण के आरोप में जेल में बंद कर दिया जाता है और जेल के बाहर सांप्रदायिक प्रतिशोध का एक चक्र शुरू हो जाता है जिसके परिणाम बहुत मारक साबित होते हैं।

आली रिसोर्स सेंटर की अवंतिका श्रीवास्तव कहती हैं, "यह बेहद संजीदा मसला है। इस तरह के अभियान से अंतर्धार्मिक संबंध बनाने और विवाह करने वाले जोड़ों के लिए बहुत गंभीर नकारात्मक हालात पैदा हो जाएंगे और उनके सामने कभी भी हमले या ऐसे गंभीर आरोपों की स्थायी आशंका पैदा हो जाएगी। इस तरह के बयानों (जो 'लव जिहाद' का खौफ पैदा करते हैं) से लोगों पर बहुत गहरा असर पड़ता है क्योंकि इसका ताल्लुक उनकी धार्मिक भावनाओं से, लोगों की आस्थाओं और विश्वासों से होता है। जब मां-बाप के दिलो-जहन में इस तरह की असुरक्षा घर कर जाती है तो वे भी लगातार इस डर से बेचैन रहने लगते हैं कि हो न हो एक दिन उनकी लड़की को भी फुसला लिया जाएगा। असुरक्षा की ऐसी ही भावना से महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा और उन पर लगी बंदिशों व उनकी लाचारी और बढ़ जाएगी।"

इसी बात को आगे बढ़ाते हुए धनक के आसिफ इकबाल का मानना है कि "अंतर्धार्मिक जोड़ों के लिए धर्मांतरण एक मसला तो है मगर जिस तरह इसे लव जिहाद के तौर पर पेश किया जा रहा है, उससे यह और भी गंभीर समस्या बन गया है। अब धर्मांतरण घृणा का स्रोत बन जाता है और अंतर्धार्मिक जोड़ों के अस्तित्व को ही चुनौती देने लगता है। 'लव जिहाद' जैसे जुमलों का सहारा लेकर विशेष विवाह अधिनियम के क्रियान्वयन की कमजोरियों, यौनिकता पर नियंत्रण, महिलाओं की आजादी व समानता तथा धार्मिक सह-अस्तित्व जैसे सारे बेहद गंभीर और महत्वपूर्ण मसले अपनी अहमियत खो देते हैं।"

'लव जिहाद' की आशंका के चलते बहुत सारे परिवार अपनी लड़कियों पर और भी ज्यादा बंदिशें रखने लगते हैं ताकि समुदाय व परिवार की शुद्धता और इज्जत बनाए रखने की महिलाओं से जो उम्मीद की जाती है उसको पूरा करने में वे कहीं चूक न जाएं। लिहाजा, और ज्यादा तादाद में कम उम्र विवाह होने लगते हैं, लड़कियों को स्कूलों और कार्यस्थलों से निकाल कर घर बिठा लिया जाता है। अरेंज्ड मैरिज यानी मां-बाप की मर्जी से तय की गई शादी भारतीय पारिवारिक जीवन का आधार है। खानदान की वंशावली, संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को कायम रखने के लिए हिंदू, ईसाई, मुसलमान और सिख, सभी ने शादियों के लिए यही तरीका अपनाया है। अंतर्धार्मिक और अंतर्जातीय विवाह न केवल भारतीय समाज की इस समरूता को चुनौती देते हैं बल्कि जाति व्यवस्था में दिखाई देने वाली सर्वव्यापी, संस्थागत असमानता को भी सीधी चोट पहुंचाते हैं। हैदराबाद स्थित मौलाना आजाद नेशनल उर्दू युनिवर्सिटी में सेंटर फॉर दि स्टडी ऑफ सोशल एक्सक्लूजन ऐण्ड इन्क्लूसिव पॉलिसी के निदेशक प्रो. कांचा इलैया अंतर्धार्मिक और अंतर्जातीय विवाहों की परिघटना पर लिखते हुए बताते हैं कि भारत के पूरे इतिहास में बहुत सारी महिलाओं ने अपनी खुशहाली और समानता हासिल करने के लिए दूसरे धर्मों को अपनाया है। इलैया ब्राह्मणवादी जाति व्यवस्था में निचली जाति की हिंदू महिलाओं का उदाहरण देते हैं जिनका समाज द्वारा बहिष्कार कर दिया जाता था। उन्हें अर्द्धनग्न हालत में रहना पड़ता था। छठी शताब्दी की शुरुआत में चेरमन पेरूमल राजपरिवार द्वारा ऐसी बहुत सारी महिलाओं को इस्लाम अपनाने के लिए प्रेरित किया गया वरना उससे पहले तो अपनी 'अस्पृश्यता' के चलते इन औरतों को अपनी पूरी जिंदगी एकांत में शोषण झेलते हुए बितानी पड़ती थे।

इलैया लिखते हैं कि इन महिलाओं के लिए मुस्लिम पुरुषों से प्रेम करना सही अर्थों में एक जिहाद था। यह इन निम्नजातीय महिलाओं के लिए उत्पीड़न के खिलाफ एक प्रतिरोध था क्योंकि इससे उनकी हैसियत और खुशहाली में इजाफा होता था और कई मायनों में उनको मुक्ति मिलती थी। इलैया की राय में, अगर भारत में कुछ पितृसत्तात्मक ताकतें धर्मांतरण को रोकना चाहती हैं या "यो वे वाकई 'लव जिहाद' को रोकना चाहती हैं तो उन्हें तमाम जातियों में भारी समाज सुधार शुरू कर देने

चाहिए। ये सुधार आध्यात्मिक, सांस्कृतिक होने चाहिए और उनमें पुरुष-स्त्री संबंधों पर भी पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए।"

अंतर्धार्मिक और अंतर्जातीय विवाहों के खिलाफ भय फैलाने के लिए उछाले गए 'लव जिहाद' के नारे से लेकर इज्जत के नाम पर होने वाली हिंसा तक आज जो विभिन्न हथकंडे अपनाए जा रहे हैं और जिस तरह सिविल प्रशासन व विधि तंत्र भी इन विवाहों का समर्थन नहीं करना चाहता, उससे अंतर्धार्मिक और अंतर्जातीय पारिवारिक जीवन के सारे लाभ और सारी खुशियां खिलने से पहले ही नष्ट हो जाती हैं। आसिफ इकबाल एक अंतर्धार्मिक विवाह के निजी सुख और व्यापक सामाजिक लाभों को बयान करते हुए भावुक हो जाते हैं :

"अंतर्धार्मिक विवाह का आनंद इस बात में है कि आप होली, दिवाली, ईद, क्रिसमस, सारे त्यौहार मना सकते हैं। इससे हमें अलग-अलग धार्मिक रीति-रिवाजों और विश्वासों के बारे में एक तर्कसंगत समझ हासिल करने में भी मदद मिली है। दूसरे धर्मों के बारे में हमारी जानकारी भी बढ़ी है।

"शादी चाहे किसी भी तरह की जाए, उसकी अपनी कठिनाइयां होती हैं। धनक से जुड़े युगल अपने मिश्रित विवाहों के बारे में खुश हैं। लेकिन ऐसे बैरपूर्ण हालात में लगातार आगे बढ़ते रहना भी आसान नहीं है। यह एक ऐसी चुनौती है जो हर लम्हा आपके सामने रहती है क्योंकि आप अपने ढंग से और धर्म की अपनी समझ के हिसाब से अपनी जिंदगी जी रहे हैं। अंतर्धार्मिक संबंधों का यह फख्र और समझदारी हमारी नियमित बैठकों और ईमेल आदि में सामने आने वाले निजी अनुभवों में भी साफ दिखाई पड़ती हैं।"

'लव जिहाद' के प्रोपगेंडा से पैदा होने वाले खतरों और इसके बावजूद कानूनी रियायतों के जरिए प्रेमी युगलों को मिली कामयाबियों के बाद अंतर्धार्मिक विवाहों में एक अहम चिंता यह होती है कि यहां बच्चे न तो इस धर्म के होते हैं और न उस धर्म के और लिहाजा वे एक हद तक भ्रमित दिखाई देते हैं। इस मामले में आसिफ इकबाल की राय में एक ताजगी और फर्क है। "असल में कन्फयूज बच्चे नहीं हैं, हम लोग हैं। बच्चे तो जीवन की विविधताओं और पेचीदगियों से आसानी से निपट लेते हैं। मां-बाप के बीच फर्क स्वस्थ विविधता का उदाहरण भी बन सकते हैं बशर्ते आप उन पर ठंडे दिमाग से और शांति से बहस करें और उनको हल कर लें। अगर मां-बाप सभी धर्मों की समानता में विश्वास रखते हैं और उनका सम्मान करते हैं तो उनके बीच मतभेद सामान्य दिखाई देंगे और लिहाजा यह संदेश खुद-ब-खुद बच्चों तक भी पहुंच जाएगा। यह बहुत जरूरी है कि मां-बाप के बीच धार्मिक विवाद से संबंधित संदेश बच्चों को स्पष्ट रूप से संप्रेषित किया जाए वरना बच्चों के दिलो-दिमाग पर बहुत खराब असर पड़ता है और फिर वे खुद ही उस मतभेद और उसके असर से निपटने के तरीके ढूंढने लगते हैं।"

खुद अपने लंबे तजुर्बे के बारे में बात करते हुए शैलजा और जुबैर भी इस बारे में बहुत जोर देकर कहते हैं कि एक सफल अंतर्धार्मिक विवाह की कामयाबी के लिए परस्पर सम्मान बहुत महत्वपूर्ण है। शैलजा के पास मिश्रित युगलों के लिए एक और सलाह भी है, "भावी अंतर्धार्मिक युगलों को मेरी सलाह ये है कि किसी भी शादी की बुनियाद मोहब्बत और एक-दूसरे के प्रति इज्जत पर खड़ी होनी चाहिए। गौर करें कि इससे दोनों ही जोड़ीदारों के लिए अच्छा रहता है कि वे आर्थिक रूप से एक दूसरे से स्वतंत्र हों। मेरा खयाल है कि इससे आपको जाति व्यवस्था, धार्मिक तनावों, पितृसत्तात्मक सोच से कराह रहे समाज में यह साहस भरा कदम उठाने की आजादी और आत्मविश्वास मिलता है।"

जुबैर और शैलजा के लिए अंतर्धार्मिक मोहब्बत के 25 साल का यह सफर ही उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी खुशी और सबसे बड़ा सरमाया रहा है। यह एक ऐसा तर्जुबा है जिसे वे ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ बांटना चाहते हैं। अंतर्धार्मिक विवाह के लाभों को अन्य युगलों और व्यापक समाज तक भी पहुंचाने के अपने फैसले को स्पष्ट करते हुए शैलजा बताती हैं, "अपनी शादी की 25वीं सालगिरह पर मैंने फेसबुक पर एक Interfaith Marriage Group शुरू किया। मैं जानना चाहती थी कि आज के जमाने में इस तरह के युगलों के सामने किस तरह के मसले पैदा होते हैं और उनकी किस तरह मदद की जा सकती है। अब इस ग्रुप के साढ़े चार सौ से ज्यादा सदस्य हो चुके हैं। इस समूह की मार्फत मुझे दुनिया भर के ऐसे बहुत सारे बेमिसाल लोगों से मिलने का मौका मिला है जिनकी दिलचस्पियां और पृष्ठभूमि मेरे जैसी है। यही मेरी इस कोशिश का सबसे बड़ा ईनाम है।

नौकरशाही अड़ियलपन, पारिवारिक विरोध और यहां तक कि धमकियों के बावजूद शैलजा और जुबैर तथा इकबाल और धनक के अन्य वॉलंटियर्स विनम्रतापूर्वक इस बात को रेखांकित करते हैं कि उनके

अंतर्सांस्कृतिक विवाहों और परिवारों से एक ऐसा भारतीय समाज रचने में बहुत गहरा योगदान होगा जो कि समानता और सहनशीलता की बुनियाद पर खड़ा होगा। शैलजा की प्रेरणा और उम्मीद को जॉन लेनन की कविता 'इमेजिन' के उनके इस पसंदीदा उद्धरण में देखा जा सकता है:

तुम चाहो तो मुझे स्वप्नदर्शी कह लो
मगर मैं अकेला नहीं हूं।
यकीन मानो, एक दिन तुम भी मेरे जैसे हो जाओगे।
...और तब सारी इंसानियत एक डोर में बंधी होगी।

इससे पहले यह लेख **http://goldenroomblog.wordpress.com/2014/02/12/dhanak-celebrates-valentines-day/** पर प्रकाशित हो चुका है।

# DHANAK and me

**By Shailaja Rao**

I have always been interested in the dynamics of interfaith relationships but wasn't quite sure on how to go about creating a support group. I joined Facebook about 5-6 years ago and tried to figure out what the point of it was -- except for posting pictures, wishing people on their birthday and fetching some 'Likes'.

Upon delving into Facebook a bit more, I had an idea. I decided to start a Facebook group for Interfaith couples. I had no clue on how to proceed as the administrator of the group. Starting with a handful of people, slowly the numbers grew and so did my involvement. Today the Interfaith Marriage group is 600+ members strong and growing. I have made excellent connections with various interfaith organizations and made many dear friends.

I found DHANAK while doing an online search. I got fascinated by their passion to work on issues related to interfaith relationships and felt like they were the right fit for me. DHANAK's honest effort and approach on handling a variety of issues resonated with me. Today I am a member and a volunteer for DHANAK. I am proud to share the vision of DHANAK and be in the company of fine people who work tirelessly while facing many obstacles.

Now more than ever, amidst heightened religious sensitivity in our social fabric we need to impart all the support we can to aid organizations like DHANAK. Only with our support can it persist in accomplishing the many pressing issues regarding Interfaith and Inter-caste relationships.

# धनक और मैं

**– शैलजा राव**


अंतर्धार्मिक संबंधों की गतिकी में हमेशा मेरी दिलचस्पी रही है मगर बहुत समय तक मुझे यह समझ में नहीं आता था कि इस प्रसंग में एक मददगार समूह का गठन कैसे किया जाए। तकरीबन 5-6 साल पहले मैंने फेसबुक ज्वॉइन किया और यह पता लगाने की कोशिश की कि तस्वीरें पोस्ट करने, जन्मदिन पर लोगों को मुबारकबाद देने और 'लाइक्स' इकट्ठा




'LOVE JIHAD'
A GROUP
OF




RIGHT TO CHOOSE
& THE POLITICS OF
'LOVE JIHAD'








साहस






साहस






साहस
SAHAS 2014






Solidarity Partners
2014










साहस
SAHAS 2014
(Strengthening Alliances for Humanity and Secularism)









करने की तमन्ना के अलावा फेसबुक की दुनिया वास्तव में और क्या-क्या है।

फेसबुक की परतों में जाने पर मुझे स्थिति कुछ हद तक समझ में आने लगी थी। लिहाजा, मैंने भी अंतर्धार्मिक जोड़ों के लिए एक फेसबुक समूह शुरू करने का फैसला लिया। मुझे कुछ अंदाजा नहीं था कि समूह की एडमिनिस्ट्रेटर के रूप में मुझे क्या करना होगा। खैर, मुट्ठी भर लोगों से शुरू हुआ यह सिलसिला आगे बढ़ने लगा और साथ-साथ उसमें मेरी दिलचस्पी और सक्रियता भी बढ़ती गई। आज इस इंटरफेथ मैरिज ग्रुप/Interfaith Marriage Group (अंतर्धार्मिक विवाह समूह) में 600 से ज्यादा सदस्य हैं और यह फेहरिस्त दिन-पर-दिन लंबी होती जा रही है। मैंने विभिन्न अंतर्धार्मिक संगठनों के साथ शानदार ताल्लुकात कायम किए हैं और बहुत सारे कमाल के दोस्त पाए हैं।

धनक के मित्रों से मेरा परिचय भी एक ऑनलाईन तलाश के दौरान ही हुआ। अंतर्धार्मिक संबंधों पर काम करने के उनके जोश ने मुझे फौरन प्रभावित किया और मुझे लगा कि शायद यही मेरे लिए सबसे माफिक जगह है। विभिन्न प्रकार के अंतर्धार्मिक मुद्दों पर काम करने का उनका तरीका और ईमानदारी भरा रवैया मुझे खूब रास आ रहा था। आज मैं भी धनक की सदस्य और वॉलंटियर हूं। मुझे इस बात का फख्र है कि मैं धनक की सोच और नजरिये की वाहक हूं और ऐसे शानदार लोगों की हमसफर हूं जो तमाम मुश्किलों के बावजूद अपनी मंजिल की तरफ अथक बढ़े जा रहे हैं।

हमारे सामाजिक ताने-बाने में धार्मिक भावनाएं दिन-पर-दिन मुखर होती जा रही हैं इसलिए आज हमें धनक जैसे संगठनों के लिए हर वो मदद जुटानी चाहिए जो हमारे लिए मुमकिन है। हमारे जैसे लोगों की मदद के दम पर ही धनक अंतर्धार्मिक और अंतर्जातीय संबंधों से जुड़े बहुत सारे गंभीर और संवेदनशील मुद्दों पर अपना लक्ष्य हासिल कर सकता है।

# Love and companionship matter...

**By Kavita Sharma**

Marriage is said to be the most beautiful institution of love, care, companionship and friendship.

For me, marriage is a bond of faith, commitment and understanding between two companions. If one can understand and respect the values, beliefs and traditions of his or her partner, then they can lead a happy married life, irrespective of which religion, caste or creed they belong to. Spending 14 memorable years with my life partner Jamshed Khan, under the same roof, all I can say is I am blessed.

I never imagined leading a married life with a person of another religion, but practically things have not been that difficult for me.

Initially, it was a tough job for both of us to convince our families, as I belong to a traditional Brahmin family and he belongs to a Muslim Pathan family. But we made sure that we will not hurt the sentiments of our parents and will only marry when we are accepted.

Finally, miracle happened and both of us were accepted in each other families. So all I can say is that mine was an arranged HinduMuslim marriage.

All marriages require faith, love and commitment towards each other. Even in arranged marriages people are unhappy. Every day we witness so many divorce cases in arranged marriages.

Nowadays, interfaith and inter-religious marriages are common. Everyone needs a companion in life so how does it matter, if he is not from your caste and religion. In our society where marriage is very important for an individual then why not everyone be free to choose a life partner of his or her choice?

This month we will be completing fourteen wonderful years of our marriage. We have been fighting and arguing on various issues, but religion has never been a part of our disagreements.

Our daughter Mahie who is ten years old now also feels proud to be a child of HinduMuslim parents. She says she is lucky to enjoy the rituals and traditions of both religions.

She recites "Qalma" as well as "Gayatri Mantra". Lord Ganesha is her favorite God. It gives me pleasure to observe "Karwa Chauth fast" for my husband and I do so. All festivals in my family are celebrated with joy and happiness.

Every religion teaches us about moral values and we must follow them and enjoy our lives.

# मोहब्बत और दिलदारी भी अहम है...

— कविता शर्मा

कहते हैं कि शादी दो लोगों के बीच मोहब्बत, फिक्रमंदी, साहचर्य और दोस्ती की सबसे खूबसूरत संस्था है।

मेरे लिए शादी दो जोड़ीदारों के बीच आस्था, प्रतिबद्धता और समझदारी का बंधन है। अगर एक व्यक्ति अपने/अपनी जोड़ीदार की मूल्य-मान्यताओं, विश्वासों और परंपराओं को समझ सकता, समझ सकती है, उनको सम्मान दे सकता/सकती है तो वे एक खुशहाल शादीशुदा जिंदगी जी सकते हैं, चाहे उनका धर्म, जाति, पंथ कोई भी क्यों न हो। अपने जीवन साथी जमशेद खान के साथ एक ही छत के नीचे बिताए गए 14 यादगार सालों के बाद मैं यही कह सकती हूं कि मैं बहुत खुशकिस्मत हूं।

मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि मैं एक दिन किसी दूसरे धर्म के व्यक्ति के साथ अपना सारा जीवन बिताऊंगी मगर मैं खुशनसीब रही कि मेरे लिए स्थितियां ज्यादा मुश्किल न थीं। शुरू में हम दोनों के लिए यह एक मुश्किल काम था कि अपने घरवालों को कैसे राजी किया जाए। मैं एक परंपरागत ब्राह्मण परिवार से ताल्लुक रखती हूं और जमशेद एक मुस्लिम पठान परिवार से आते हैं। मगर हमने इस बात का खयाल रखा कि हम न तो अपने मां-बाप की भावनाओं को ठेस पहुंचाएंगे और न ही उनकी रजामंदी के बिना शादी करेंगे। आखिरकार ये करिश्मा भी हुआ और हम दोनों को हमारे परिवारों में स्वीकार कर लिया गया। मैं तो यही कह सकती हूं कि मेरे शादी एक अरेंज्ड हिंदू-मुस्लिम शादी थी।

सभी शादियों में परस्पर आस्था, प्रेम और प्रतिबद्धता की जरूरत होती है। इनके बिना बहुधा अरेंज्ड शादियों में भी लोग नाखुश रहते हैं। हर रोज अदालतों में अरेंज्ड मैरिजों के न जाने कितने तलाक के मामले सुनवाई के लिए लगे रहते हैं।

आजकल अंतर्धार्मिक विवाह आम होते जा रहे हैं। सभी को जिंदगी में किसी न किसी की जरूरत होती है। लिहाजा इससे क्या फर्क पड़ता है कि वह व्यक्ति आपकी जाति या धर्म से है या नहीं। जब हमारे समाज में सभी के लिए शादी इतना भारी महत्व रखती है तो ऐसा क्यों न ऐसा किया जाए कि हम सभी को अपनी मर्जी से अपना/अपनी जीवन साथी चुनने की आजादी दे दें?

इस महीने हमारी शादी के 14 बेशकीमती साल पूरे हो जाएंगे। हम तमाम मुद्दों पर लड़ते-झगड़ते रहे हैं, बहस करते रहे हैं मगर धर्म हमारे मतभेद और तनातनी का मसला कभी नहीं बना।

हमारी बेटी माही अब 10 साल की होने को आई और उसको भी हिंदू-मुस्लिम मां-बाप की संतान होने का फख्र है। वह कहती है कि उसे दोनों धर्मों के रीति-रिवाज और परंपराओं में मजा आता है। यह उसके लिए सौभाग्य की बात है।

वह कलमा भी पढ़ लेती है और गायत्री मंत्र भी। गणेश उसके प्रिय देवता हैं। मुझे अपने पति के लिए 'करवा चौथ' का व्रत रखने में बहुत संतोष मिलता है और मैं इसे नियम से निभाती हूं। मेरे परिवार में सारे त्यौहार खुशी से और मस्ती से मनाए जाते हैं।

हर मजहब हमें एक जैसे नैतिक मूल्य सिखाता है। हमें लाजिमी तौर पर उनका पालन करना चाहिए और जिंदगी का मजा लेना चाहिए।

# Is religion that important? Isn't love enough?

**By Ajaz**

With the recent changes in the world, there has been quite a lot of aspirations and at the same time, ambiguity related to the future.

We, the present generation of this country, have got choices to make. It's the first time that we have this freedom, to decide and nurture what our future world will be. It's indeed a big responsibility. The times are changing, and the change is us. We need to be the positive change, the vibrant energy that can drive the nation to a world of happiness, liberty and humanism. And the special power need to fuel this change is what we already have  love.

We can cite a number of examples, where religious differences are twisted, broken, and then showcased in a new face, just to attain popularity, to gain political benefits, and ultimately the power to control millions.

Who are they? Who gave them this power?

The answer is, they are humans like us, and it's we who gave them this power.

Now the question is why? The answer is, it's because of our belief system. And this belief system is imposed on us, through a term called 'Religion'.

What is Religion? Have you ever tried to conceptualize, from where this term came.

Religion is difficult to define. However, it has numerous definitions across the world by numerous philosophers.

Spiritual leader Dalai Lama says, "This is my simple religion. There is no need for temples; no need for complicated philosophy. Our own brain, our own heart is our temple; the philosophy is kindness."

One of the greatest leaders Abraham Lincoln said, “When I do good, I feel good. When I do bad, I feel bad. That's my religion.”

Social reformist of India B.R. Ambedkar said, “I like the religion that teaches liberty, equality and fraternity.”

These sayings were not individualistic views. They were to make us think, to make us question what we have been following.

Religions were created by us, humans, to have faith, hope, trust in god, the omnipresent, super power who created this world.

However, traditions, culture, practices came along, and with this came competition, comparison, difference of views and beliefs, as imposed by several religious leaders.

And this led to clashes, violence in the name of religion, contests in proving which religion is better, than the other. This only brought hate.

A Hindu guy or his family, might seem liberal to accept guy's Muslim friends, as his companions during his early days of life, school, college, work, but when it comes to choosing bride, they would select a girl from the same religion, same caste.

Same goes with Muslim families or other religions as well.

The reason being difference in religion, culture, and belief.

Did god made the differences?

No, every human being was/is created with same set of features. Equal in all sense.

So, isn't love, understanding, care, trust enough?

Does her/his religion affect the relation you are going to have with that human being you are going to spend your entire life with? It doesn't.

The time has come, that we get ahead of this old belief system, disapprove wrong beliefs, practices, and appreciate people for their actions, for what they actually are, irrespective of religion.

Choice of religion is a voluntary decision, and everyone has the freedom to follow practices they want to follow.

Same should be the case with choosing your life partner. Everyone should have the freedom to choose their partners, irrespective of their faith.

Inter-faith couples can be the fore-runners of the modern world, who will be free of hatred, who will respect all the religions, the symbols of unity and peace, and who can lead this country ahead, free of regionalism, bureaucracy, chaos, and uncertainty.

As we conclude, we can say, religion is there to spread love, peace, harmony among humans.

Keep loving, caring...and thinking.

# क्या मजहब इतना अहम है? क्या सिर्फ मोहब्बत काफी नहीं है?

— एजाज़

बीते सालों के दौरान दुनिया में जो बदलाव आए हैं उनकी बदौलत लोगों के ख्वाबों को नई उड़ान तो मिली है मगर साथ ही भविष्य को लेकर एक अस्पष्टता भी पैदा हुई है।

इस देश की मौजूदा पीढ़ी, यानी हम लोगों के पास फैसले लेने की कुछ आजादी है। पहली बार ऐसा हो रहा है कि हमारे पास यह तय करने की आजादी है कि हम आने वाली दुनिया को क्या शक्ल देना चाहते हैं। एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है हम पर। जमाना बदल रहा है और यह बदलाव हामी हैं। हमें एक सकारात्मक बदलाव, एक जीवंत ऊर्जा का रूप लेना होगा जो इस मुल्क को खुशहाली, मुक्ति और इंसानियत की दुनिया में ले जा सके। और इस बदलाव को साकार करने के लिए जो खास ताकत चाहिए वो पहले से हमारे पास है - प्यार।

हमारे पास ऐसी कितनी ही मिसालें हैं जब धार्मिक मतभेदों को नया रंग दिया गया है, धर्मों की अनाप-शनाप व्याख्याएं की गई हैं ताकि लोकप्रियता हासिल की जा सके, सियासी फायदे उठाए जा सकें और हुकुमत पर कब्जा किया जा सके।

कौन हैं ये लोग?कौन है जो उन्हें यह ताकत देता है?

इसका जवाब है हमारे जैसे इंसान। हम ही हैं जो उन्हें यह ताकत देते हैं। अब सवाल यह उठता है कि क्यों?जवाब यह है कि इसके लिए हमारी सोच जिम्मेदार है। यह सोच 'धर्म' या 'मजहब' नाम की शय की आड़ लेकर हम पर लाद दी जाती है।

और, यह धर्म या मजहब है क्या?क्या कभी आपने इस बात पर सोचा है कि यह शब्द आया कहां से है?

धर्म या मजहब को परिभाषित करना बहुत कठिन है। अलग-अलग दौर में और अलग-अलग देशों में न जाने कितने फलसफियों और दानिशमंदों ने इसकी अनगिनत परिभाषाएं दी हैं।

दलाई लामा कहते हैं, "यही मेरा सरल सा धर्म है। इसके लिए मंदिर-मस्जिदों की दरकार नहीं। इसमें लंबे-चौड़े दर्शनों की भी कोई जगह नहीं। हमारा अपना दिमाग, हमारा अपना दिल ही हमारा मंदिर है। दयालुता ही हमारा दर्शन है।"

अब्राहम लिंकन के मुताबिक, "जब मैं कुछ अच्छा करता हूं तो मुझे अच्छा लगता है। जब मैं कुछ बुरा करता हूं तो मुझे बुरा लगता है। यही मेरा धर्म है।"

समाज सुधारक बी.आर. अंबेडकर ने कहा था, "मुझे वो धर्म पसंद है जो मुक्ति, समानता और भाईचारे का पाठ पढ़ाता हो।"

ये कथन सिर्फ व्यक्तिगत राय नहीं हैं। ये हमें सोचने-विचारने, जो कुछ हम अभी तक करते आ रहे हैं उस पर सवाल खड़ा करने के लिए प्रेरित करने के तरीके भी हैं।

धर्म की रचना हम इंसानों ने ही की है ताकि हम उस परम शक्ति पर आस्था, उम्मीद और भरोसा रख सकें जिसने इस दुनिया को रचा है। मगर धीरे-धीरे परंपराएं, संस्कृतियां, जीने के तौर-तरीके सामने आए और इसी के साथ अलग-अलग गुटों में प्रतिस्पर्धा, तुलना, मतभेद भी शुरू हुए जो कई धर्म गुरुओं की कारस्तानी का नतीजा थे।

यहां से धर्म के नाम पर, कौन सा धर्म बेहतर है यह साबित करने के नाम पर टकरावों और हिंसा का सिलसिला शुरू हुआ। नफरत पैदा हुई।

कोई हिंदू लड़का या उसका परिवार स्कूल, कॉलेज, दफ्तर में किसी मुस्लिम लड़के को दोस्त बनाने के मामले में उदार दिखाई देता है। मगर जब दुल्हन चुनने का सवाल आता है तो वही परिवार अपने ही धर्म, अपनी ही जाति की लड़की चुनने पर अड़ जाता है।

यही कहानी मुसलमानों में और तमाम दूसरे धर्मों में भी रोज लिखी जा रही है। वजह सिर्फ यह बताई जाती है कि हमारे और उनके धर्म, संस्कृति और मूल्य-मान्यताओं में फर्क है।

क्या यह फर्क भगवान ने बनाया है?
जी नहीं, इंसान तो सभी एक जैसी शक्ल-सूरत और एक जैसी सीरत लेकर पैदा हुए हैं। हम सारे तो एक जैसे हैं।
तो क्या सिर्फ प्यार, समझदारी, फिक्रमंदी और एक-दूसरे पर भरोसा ही काफी नहीं है?
क्या किसी का मजहब उन संबंधों को भी तय कर सकता है जो आप उस शख्स के साथ बनाने जा रहे हैं जिसके साथ आप अपनी पूरी जिंदगी बिताने की ख्वाहिश रखते हैं?जी नहीं।
अब वक्त आ चुका है कि हम इस पुरानी सोच से आगे निकलें, झूठे विश्वासों का खारिज करें, लोगों को उनके कामों के आधार पर सराहने की आदत डालें। इस आधार पर उनकी सराहना करना सीखें कि वे वास्तव में क्या हैं, न कि इस आधार पर कि वे किस धर्म से हैं।
धर्म चुनना एक स्वैच्छिक फैसला होता है और हरेक को वह धर्म चुनने की आजादी है जिस पर वह अमल करना चाहता है। यही बात जीवन साथी चुनने के सवाल पर भी लागू होती है। हरेक को अपनी मर्जी से अपना/अपनी जीवन साथी चुनने की आजादी होनी चाहिए चाहे किसी का धर्म कुछ भी क्यों न हो।
अंतर्धार्मिक जोड़े आने वाली दुनिया के पथप्रदर्शक हैं - एक ऐसी दुनिया जो नफरत से आजाद होगी, जहां सब धर्मों का बराबर आदर होगा, जो एकता और शांति का प्रतीक होगी, और जो इस देश को क्षेत्रवाद, अफसरशाही, अफरातफरी और अनिश्चितता से आजाद करके आगे ले जा सकती है।
हम यकीन से कह सकते हैं कि धर्म दुनिया भर के लोगों में प्यार, शांति और सद्भाव फैलाने का एक जरिया भर है।
तो जनाब आप भी प्यार करते रहिए, फिक्र करते रहिए... और सोचते रहिए।

# Highly Recommended: Love Jihad

**By Natasha**

For These days I call myself a Love Jihadi. It amuses me no end.

My husband was in the office of the local electricity supply office a few days ago, trying to inspire the officers to restore the electricity connection to a factory space he is in charge of.

“We cannot come in the way of nation-building,” he was saying. “You and I must contribute towards this collective goal. Restoring electricity to this factory is your duty towards the nation's economic growth.”

He turned to look towards me to make sure I was playing my role of important-looking-mediawalla who must not be messed with. I was distracted. “I'm just a Love Jihadi,” I was thinking in my head, but I quickly tried to look stern and cross at the same time.



Our children are learning to read Arabic on the weekends these days. They made good progress in the early weeks and then began to look like their heart wasn't in it.

“Tell them stories,” I said to their teacher. “They like stories.”

Last Saturday, my daughters came to me and began to tell me the story of Prophet Musa and King Fir'aun. “The king had a dream that a baby boy would be born

who would grow up and kill him."
"Just like King Kansa," I added, getting excited.
"He ordered that all newborn boys should be killed. So Musa's parents put him in a basket and set him afloat in the Nile river to save his life."
"Just like Krishna! I mean like Karna," I said.

It was fascinating. After this I behaved myself and listened to the story quietly. My eyes big like dinner plates.

Afzal and I got married in 2002. Both of us had witnessed the aftermath of the riots in Gujarat that year. He had gone to volunteer in the refugee camps after I had returned from a work assignment.

My friends, Barkha, Rachna and I had been filming in Vadodara when some people drove up to us in a Honda City. A young woman, younger than both of us, came up to us and said she had been looking for us since she had heard that our team had arrived in Vadodara. She wanted us to visit her home.

It looked like the Greater Kailash-1 of Vadodara when we drove into Ayesha's neighbourhood. Her home had been set ablaze by rioters. Some parts of the floor were still so hot that it was not safe for us to enter every room. A charred refrigerator, a heap of ash where the dining table had been. I remember the shoes I was wearing as I stepped over the rubble filming the devastation with my video camera. Barkha was talking to Ayesha and some other people in her family. There was a wrought-iron swing in their lawn. I touched it tentatively. That swing was life.

Their life as it had been.

In November 1984, my brothers and I had gone to the roof of our DDA flat in New Delhi to witness a mob setting fire to a white corner house in Panchsheel Enclave. The home had been looted the night before and the Sikh family had fled to safety. For years I used to peer outside the window of my school bus, staring at the ruined home every day.

"They won't come back," my brother had explained to me. "They will probably sell this off for whatever it is worth."

Our hearts break and somehow they keep working. Lives are ruined and people get back to building their homes again. We lose hope and then we find it again. It's trendy to be cynical but we are all creating, restoring, healing, trying to put back broken pieces all the time.

The first time I began to have a conversation with our firstborn about why we were celebrating Eid even though her school was not, she interrupted me to let me know what she knew.

"I know, Mamma," she said. "Prateeksha told me."
"What did she say?"
"She said I am a Pandit, you are a Muslim."
"Excellent," I thought. "Good job, Prateeksha."

It's weird when you look at it in isolation. We are encouraged to hate. Love is hated. Hate is loved. If I can hate vocally and violently, I'm in. Love means go and stand outside the classroom and reflect on what you did wrong. It can get me expelled.

But Love Jihadis are sneaky. They are good at love. We can love you even if you insist on hating us.
After our visit to the electricity supply office, my husband took me to the local police station. He needed to file an FIR to report a missing electricity meter.

"I'm a journalist," I practised in my head a few times in case I might need to whip out this sentence to inspire anyone to do the work they were being paid to do anyway. We must have looked menacing enough because the paperwork got done smoothly. I stared at a man sitting on his haunches in the corner. His wrists were tied together with a jute rope that was then tied to the iron window grill next to him.

"I want to go to the temple," I said to my husband as we walked out. We walked across the road from the police station to a swanky new Jain temple.

My seven-year-old daughter's words echoed in my head as I crossed the threshold into the inner sanctum.
"Mamma, can we go to a temple even if we don't pray?"
(This was first published in Mint Lounge here: **http://www.livemint.com/Leisure/74MdYokXsAUTJBLk0yLcvJ/Highly-Recommended-Love-Jihad.html** )

# लव जिहाद

— नताशा

आजकल मुझे खुद को एक लव जिहादी कहने का शौक चर्राया है! यह जुमला मुझे किस कदर गुदगुदाता है, बता नहीं सकती। मेरे पति कुछ दिन पहले बिजली वालों के दफ्तर में गए थे, यह अर्ज करने कि उनके तहत आने वाली एक फैक्टरी का बिजली का कनेक्शन काट दिया गया है जिसे दोबारा बहाल कर दिया जाए।
बिजली वालों से उन्होंने कहा कि "हम राष्ट्र निर्माण के रास्ते में नहीं आ सकते। मुझे और तुम्हें, मिलकर इस साझा लक्ष्य की तरफ बढ़ना है। इस फैक्टरी की बिजली बहाल करना देश की आर्थिक प्रगति के लिए आपका फर्ज है।"
उन्होंने एक बार मुड़कर मेरी तरफ देखा, यह यकीन करने के लिए कि मैं एक गंभीर मीडिया वाली की भूमिका सही ढंग से अंजाम दे रही हूं या नहीं क्योंकि ऐसे व्यक्ति के साथ पंगा लेना लोगों को ठीक नहीं लगता। मगर मेरा ध्यान कहीं और था। मेरे जहन में यही चल रहा था कि मैं "एक लव जिहादी हूं।" खैर, मगर अपने पति की आंखों से आंख मिलते ही मेरी नजरों में भी एक सख्ती आ गई और मैं मुस्तैदी से अपना रोल अदा करने लगी।
हमारे बच्चे आजकल शनिवार, इतवार को अरबी भाषा सीख रहे हैं। शुरू में उन्होंने अच्छी कोशिश की मगर जल्दी ही लगने लगा कि इसमें उनका दिल नहीं लग रहा है। मैंने उनके उस्ताद साहब को कहा, "उनको कहानियां सुनाइए, मेरे बच्चों को कहानी पसंद हैं।"
पिछले शनिवार को मेरी बेटी मेरे पास आयी और मुझे पैगंबर मूसा और बादशाह फैरोन की कहानी सुनाने लगी।
"बादशाह को एक सपना आया कि एक छोटा सा लड़का कहीं पैदा होगा जो बड़ा होकर उसको मार देगा।"
"कंस की तरह!" मैंने कहानी में अपनी तरफ से जोड़ा।
"उसने हुक्म दिया कि सारे लड़कों को पैदा होते ही मार दिया जाए। तब मूसा के मां-बाप ने उसे एक टोकरी में रखकर नील नदी के पानी में बहा दिया कि शायद कोई उसे बचा लेगा।"
"बिल्कुल कृष्ण की तरह!मेरा मतलब कर्ण की तरह", मैंने बोला।
यह बड़ा मजेदार तजुर्बा था। इसके बाद मैं संजीदगी से और चुपचाप उसकी कहानी सुनने लगी। मेरी आंखें अचरज से फैल रही थीं।
अफजल और मैंने 2002 में शादी की थी। हम दोनों उस साल गुजरात दंगों की विभीषिका के बाद के हालात देख चुके थे। जब मैं अपने एक काम से लौटी तो हम दोनों राहत शिविरों में वॉलंटियर के तौर पर मदद करने गए थे।
मेरी सहेली बरखा, रचना और मैं वडोदरा में फिल्म बना रहे थे कि तभी होंडा सिटी में बैठे कुछ लोग हमारे पास आकर रुके। एक युवती,

जो हम तीनों से उम्र में कम थी, कार से निकल कर हमारे पास आई और बोली कि वह तभी से हमें ढूंढ रही है जब से उसने सुना कि हमारी टीम वडोदरा आई हुई है। वो चाहती थी कि हम उसके घर आएं।

जब हम आयशा नाम की इस लड़की के मोहल्ले में पहुंचे तो वहां दिल्ली के ग्रेटर कैलाश I जैसा नजारा था। मगर, उसके घर को दंगाइयों ने जला दिया था। फर्श के कुछ हिस्से अभी भी इतने गर्म थे कि उन पर पैर रखना मुनासिब नहीं था। जला हुआ फ्रिज, डाइनिंग टेबल की जगह राख का ढेर। अपने विडियो कैमरे के साथ तबाही के इस मंजर की फिल्म उतारते हुए मेरा पांव जब इस मलबे पर पड़ा मेरे जिस्म में एक कंपकंपी सी महसूस हुई। बरखा आयशा और उसके घरवालों से बात कर रही थी। उनके लॉन में लोहे का एक झूला हुआ करता था। मैंने बड़े नामहसूस ढंग से उसे छुआ। कल तक यह झूला जिंदगी का गवाह था। इन लोगों की हंसी-खुशियों का हमराह।

नवंबर 1984 में मैं और मेरा भाई पंचशील एन्कलेव में अपने डीडीए फ्लैट की छत से उन्मत्त भीड़ को कोने वाले सफेद मकान में आग लगाते देख रहे थे। पिछली रात को उस घर को लूट लिया गया था। वहां रहने वाला सिक्ख परिवार हिफाजत की उम्मीद में वहां से भाग चुका था। सालों तक मैं रोज अपनी स्कूल बस की खिड़की से उस तबाह मकान को देखती रही।

मेरे भाई ने मुझे बताया था, "वे लोग अब नहीं लौटेंगे। अब ज्यादा से ज्यादा वे इसे बेच देंगे, चाहे जो भी कीमत मिले।"

हमारे दिल टूटते हैं और न जाने कैसे वे काम भी करते रहते हैं। जिंदगियां तबाह हो जाती हैं और लोग फिर से अपने घर-मकानों की तामीर में लग जाते हैं। हम उम्मीद खो देते हैं और फिर उम्मीद हममें जन्म लेने लगती है। आत्मकेंद्रित होना आजकल फैशन की बात है मगर हम सभी हर वक्त रचने, चीजों को फिर से चलाने, घावों पर मरहम लगाने, टूटे-बिखरे टुकड़ों को फिर से एक-दूसरे से जोड़ने में लगे रहते हैं।

पहली बार जब हमारे पहले बच्चे ने पूछा था कि हम ईद क्यों मनाते हैं जबकि उसके स्कूल में तो ईद नहीं मनाई जाती तो मेरे जवाब देने से पहले ही उसने मुझे टोक कर बताया था कि उसको क्या कुछ पहले से मालूम है।

"मुझे मालूम है मम्मा, प्रतीक्षा ने मुझे बताया था।"

"क्या बताया उसने?"

उसने कहा कि "मैं पंडित हूं, तुम मुसलमान हो।"

"बहुत खूब", मैंने सोचा। "बहुत अच्छे, प्रतीक्षा!"

अगर हम इस बातचीत को पूरे संदर्भ से काट कर देखें तो बड़ा बेतुका लगेगा। हमें नफरत के लिए बढ़ावा दिया जाता है। मोहब्बत से नफरत सिखाई जाती है। नफरत हमारी महबूबा है। मैं जितना बुलंद आवाज में और जितना हिंसक ढंग से नफरत कर सकती हूं, मैं उतना ही दमदार मानी जाऊंगी। मोहब्बत का मतलब है 'जाओ जाकर कक्षा के बाहर जाकर खड़े हो जाओ और सोचो कि तुमने क्या नापाक हरकत कर डाली है!' इसके एवज में स्कूल से मेरा नाम भी कट सकता है।

मगर लव जिहादी बड़े ढीठ होते हैं। वे प्यार करने में माहिर होते हैं। हम ऐसे लोग हैं जो तब भी तुम्हें प्यार कर सकते हैं जब तुम हमसे नफरत करते हो। बिजली दफ्तर से लौटने के बाद मेरे पति मुझे पास के थाने में लेकर गए। उन्हें बिजली के एक मीटर की चोरी की एफआईआर भी दर्ज करानी थी।

कोई हमारी बात पर तवज्जो न दे और मैं अपनी भूमिका निभाने में लड़खड़ा न जाऊं इसलिए अपने मन ही मन में मैं बार-बार यह कहने का अभ्यास कर रही थी कि "मैं एक पत्रकार हूं।" जरूर हम उन लोगों को शैतानी आत्माएं लगी होंगी क्योंकि सारा कागजी काम फटाफट मुकम्मल हो गया था। कोने में एक आदमी घुटनों पर सिर रखकर उकडूं बैठा था। उसकी कलाइयां सन की रस्सी से बंधी थी और रस्सी का दूसरा सिरा खिड़की के जंगले से बंधा था।

"मुझे मंदिर जाना है", मैंने अपने पति से कहा और हम बाहर निकल आए। थाने के बाहर आकर हमने सड़क पार की और एक आलीशान नए जैन मंदिर में दाखिल हो गए।

मंदिर के भीतरी कक्ष की दहलीज पार करते हुए मेरे दिल में मेरी सात साल की शहजादी के लफ्ज गूंज रहे थे : "अम्मा, अगर हमें पूजा न करनी हो तो भी क्या हम मंदिर जा सकते हैं?"

यह लेख पहले **http://www.livemint.com/Leisure/74MdYokXsAUTJBLk0yLcvJ/Highly-Recommended-Love-Jihad.html** में प्रकाशित हो चुका है।

## A MINOR DETAIL

Anonymous

I thought…
You would be my partner, my future forever.
I thought…
Rituals were insignificant,
Just a minor detail for us to be together!
I thought…
You would agree. But you did not.
Rituals challenged your identity,
The 'you'!
I did not see this earlier. But I know it now.
Did I not fall in love with 'you'?
Yes.
I did not fall in love with the picture
..of how I wanted you to be.
Or …of how my family wanted you to be.
I fell in love with you.
So, if we were to restart our journey,
The details would surely be different.
I would leave..
…those irrelevant details and rituals behind.
I see how the 'us' exists
because of how different we are!
And how similar we are!
It took me time to realize this.
I am blessed,
You are my partner, my present, my future.
We are not perfect.
But that's just a minor detail.

## DON'T KILL THEM WHO LOVE

Lee Macqueen

I aspire for a nation where love is not incarcerated
Nor is there a need for (couple) protection homes
Where it is free to manifest itself in human beings
And not ripped of its sanctity to maintain the social order.

I aspire for a nation where love can bloom and flourish
Where in the name of caste and religion it is not maimed,
A place where it can chart out its own course
And a time when it will have more defenders than stranglers!

I aspire for a nation where Love will be the ultimate goal
Humanity, Justice, Equality and Freedom as pillars to this vision
Guarded from the brutality in the name of 'Family and Societal Honour'
Embraced by all as the only path to salvation of soul.

---

## YOU TAUGHT ME…

Shamiya Mirza Patel

You taught me to SPEAK,
But now you have suppressed my VOICE.
You taught me to EXPRESS,
But now you can't understand my EXPRESSIONS.
You taught me to CARE,
But now you have created FEAR.
You taught me to LEAD,
But now you want me to FAIL.
You taught me to FLY,
But now you have DETACHED my wings.
You taught me to LOVE,
But now you want it to be DISCRIMINATED.
You taught me to be HUMAN,
But now you are being INHUMAN.
You taught me HONOUR (Respect),
But now you consider it WOEFUL for your ego.
You say it your PRIDE, but I say it CRIME.
Stop the SHAME, Stop HONOR KILLING!

# बदलाव की उम्मीद...

वैभिन्य ही जीवन का मलसूत्र है

आदिल

पिछला वर्श बड़ा उम्मीद का साल रहा। हिन्दुस्तान के इतिहास में शायद पहली बार किसी भी चुनाव का इतने बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार हुआ। अखबार, रेडियो व सोशल मीडिया कोई भी जगह बची नही थी। आप चाहें या न चाहें, आप को इस हो-हल्ले का हिस्साा बनना ही था। इस से कोई फर्क नही पड़ता कि आप की राजनीति में दिलचस्पी है या नही, आप पसन्द करें या न करें, मगर आप इसे इगनोर नही कर सकते थे। हालॉकि निजी तौर पर मेरा राजनीति से अलगाव नही है, पर यह सब हमें या फिर यूँ कहूँ कि मुझे कैसे असर करता है जरूर सोचने और शायद मेरे लिखने की वजह है।

मेरा यह मानना है कि किसी भी चीज को जाने वगैर उस पर राय कायम नही करनी चाहिए। यही मेरी सोच, हमारे मौजूदा प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए भी रही है। उनकी जो भी आलोचनाऐं रही हों, पर उनकी दो बातें सराहनीय थी। एक उनके दौर में गुजरात में आईं आर्थिक प्रगति और दूसरी जमींनी नेता होने के नाते लोंगों के साथ उनके जुड़ाव की, जो मेरी नज़र में शायद लगातार उनकी तरक्की या जीत की वजह थी। बहुत सारे नारे और श्लोगन जैसे ’सबका साथ सबका विकास’ शायद इस बात का एहसास दिलाते थे कि, सबको साथ लेकर चलने की सोच काबिले तारीफ है और उसका साथ दिया जाना चाहिए।

मैं निराशावादी नही बनना चाहता। लेकिन, एक नई बात मैंनें पिछले ८-६ महीनों मे जानी, समझी और सीखी है। शायद इस से इतना फर्क नही पड़ता है कि जी.डी.पी. ६ प्रतिशत से बढकर ६ हो गई, पेट्रोल ७३ रू. लीटर है या ८६ हो गया, टमाटर के दाम कितने घट या बढ गये हैं। मगर इस से फर्क पड़ता है कि मैं घर से बाहर निकलूँ तो मेरे अन्दर यह भय या चिंता न हो कि मेरा नाम आदिल है या मेरी पत्नी किसी और धर्म से है। मुझे जिन बातों का फक्र होना चाहिए उसे बताते हुऐ कोई खौफ न हो।

आर्थिक प्रगति सामाजिक ढॉचे और सोच पर बदलाव ला पाऐगी या फिर ज़मीनी हकीकत जानने का मतलब उसमें बदलाव लाने कि एक सच्ची कोशिश होगी, यह दोनों भ्रम टूटे हैं। क्या फर्क पड़ेगा अगर बिना टमाटर की सब्ज़ी खा लेंगें या फिर अपनी गाड़ी के बजाय पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल कर लेंगें। मगर यह जो ज़हनी ग़रीबी है, उसका बड़ा फर्क पड़ता है। हमारी इस डेमोक्रेसी से अच्छा तो भूटान है जहॉ भले ही राज शाही है और उनकी जी.डी.पी. शायद हम से कम है, मगर वो जी.एन.पी. ;ग्रॉस नेशनल हैप्पीनेसद्ध समझते है।

हालॉकि मेरे साथ ना तो ऐसी घटना हुई है और ना कोई ऐसा अनुभव रहा है कि जिस से मेरे ज़हन मे यह सब आया। फिर ऐसा क्या हुआ, जिसने मुझे इन सब बातों को सोचने के लिए मजबूर किया ?शायद आस-पास का माहौल, टी.वी. , सोशल मीडिया...... इन सबने शायद धार्मिक उन्माद को और बढावा दिया है। एक सोच मन मे है कि आने वाली पीढी की दूसरे मज़हब के लिए इज्ज़त और समझ बढेगी, यह सोच धूमिल हुई है। ऐसा कहना भी गलत होगा कि यह हिन्दुस्तान में हुई सियासी फेर बदल की वजह से हो रहा है। पूरी दुनिया में हो रही अलग-अलग घटनाऐं शायद इसकी वजह हो। मगर, हमारे देश से जो एक अमन का पैगान जाना चाहिए था, हम उसमें नाकाम रहें हैं। बल्कि हमारे यहॉ हो रही घटनाऐं, चाहे वो ’लव जेहाद’ या ’घर वापिसी’ हों, उन्होंने आग में घी का काम किया है।

इस बात में कोई दो राय कि कमल बहुत सुन्दर है मगर उसकी सुन्दरता से गुलाब की खूबसूरती कम नही हो जाती। ऐसे मे शायद

हमारे बगीचे धनक की शार्थकता और बढ जाती है जहॉ कमल, गुलाब, चमेली, जूही सब एक साथ खिल-बढ रहें हैं और खूशबू फैला रहें है।

.... यदि हर एक मनुश्य का धार्मिक मत एक हो जाऐ और हर व्यक्ति एक मार्ग का अवलम्बन करने लगे तो संसार के लिए वह बड़ा बुरा दिन होगा। तब तो सब धर्मों के सारे विचार नश्ट हो जाऐंगे। वैभिन्य ही जीवन का मूलसूत्र है।

– स्वामी विवेकानंद

# आखिर ये लब क्यों कपकपाये ??

अर्चना सिंह

आखिर ये लब क्यों कपकपाये ??
आखिर ये लब क्यों कपकपाये ??
कुछ ऐसा हुआ ही क्यों जिसने दिल तोड़ डाला ......
ना जाने किसने उन्हें हमसे इतना दूर कर डाला ??
कल जो इतने करीब थे ....आज जाने कहॉ चले गये ??
उनकी हंसी .... उनकी आत्यमीयता को क्या हो गया ??
अचानक उनके न होने का ग़म ....
उनके होने की खुशी से ज्यादा होने लगा ??
और ये मेरा आहत दिल बिखर कर रोने लगा ?
उनको महसूस करने में ये कसक कहॉ से आई ??
जाने क्यों ये मनहूसियत मेरे घर में चली आई ??
ये फासलों की दीवार न जाने किसने बनाई ?
पूछती हॅू खुद से कि, हुई कौन सी ऐसी भूल ?
की नोच डाले मेरे सपनों के फूल ?
अरे ओ माली देख अपने पूरे बाग को....
और सोच जरा कि तूने की है क्या भूल ?
क्यों दे दी हमको ऐसी सज़ा....... ??
अपने मन के अंदर झांक तो ज़रा.....
ये जो तन्हाईयॉ कायम कर दीं तुमने ऐसी ??
क्या तुम्हे नहीं कचोटती मेरे जैसी ??
आखिर ये लब क्यों कपकपाये ??
आखिर ये लव क्यों कपकपाये ??

# मुझे शिकस्त न दे पाओगे...... मेरे हालात

जमाल सिद्धीकी

मुझे शिकस्त न दे पाओगे...... मेरे हालात
के सॉस बाकी है अभी...... आस बाकी है अभी!

अभी मुसलसल है बा-होशी मेरी
अभी बेहोश है ना-उम्मीदी मेरी
अभी ज़िन्दा है मेरी ज़िद का सहारा मुझको
अभी थकना है ना-गवारा मुझको

ये कैसा सफर है......... जहॉ मंज़िल रह-गुज़र है
ये कैसा जुनून है........ के जख़्म बेअसर है
राहें तंग हैं तो क्या?........
मंज़र धुंधला है तो क्या?...... जमीं पे पैर हैं अभी

ये जंग है तो लड़ना है खुद से....
जीतना है मुझे...... फिर एक बार मुझसे.......
ज़बान पे ताले लगे हो भी तो क्या?
ऑखों में उम्मीद आबाद है अभी

ये मान भी लें के, छाएॅ है अभी रात के ख़ामोश अंधेरे
हर हाल फिर लौट ही आएंगें, खिल-खिलाते सवेरे
बस तेरा साथ काफी है अभी

यॅू ही कह देना जमाल, अपनी दास्तान-ए-दिल
के एहसास बाक़ी है अभी, अल्फाज़ बाक़ी है अभी

# तुम कौन ??

गुलशन कुमार

कैसे बताउँ मैं तुम्हे
मेरे लिए तुम कौन हो
कैसे बताउँ मैं तुम्हे
तुम धड़कन का गीत हो......
तुम जीवन का संगीत हो.....
तुम ज़िन्दगी....
तुम बंदगी......
तुम रौशनी......
तुम ताज़ग़ी......
तुम ख़ुशी हो......
तुम प्रेम हो......
तुम ही मेरी मनमीत हो

मेरी ऑखों में तुम......
मेरी सॉसों में तुम......
मेरी यादों में तुम......
मेरी ऑहों में तुम

ये जो तुम्हारा रूप है......
जैसे सुबह की खिलती धूप है......
चंदन सा है ये बदन......
बहती है उसमें एक अगन......
ये जल्फें तुम्हारी घटाओं सी
होंटों पर खिली मुस्कान सी

चेहरे पर छाई चॉदनी......
आवाज में है रागिनी......
शीशे के जैसा अंग है......
फूलों के जैसा रंग है......
नदियों की जैसी चाल है......
क्या हुस्न है क्या कमाल है......
तुम नगरिया मेरे ख़्याब की......
कैसे बताउँ मै तुम्हें हालत दिले-बेताब की

तुम्हीं मेरा धर्म.......
तुम्ही मेरा करम......
तुम्ही मेरी इबादत......
तुम्ही मेरा ईमान......
तुम्ही मेरी चाहत......
तुम्ही मेरी मुस्कान......
देखता हूँ हर पल जिसे......
तुम वही तस्वीर हो......
तुम्ही मेरी तक़दीर हो......
यूँ ध्यान में मेरे हो तुम.....
जैसे मुझे घेरे हो तुम......

पूरब में तुम......
पश्चिम में तुम......
उत्तर में तुम......
दक्षिण में तुम......
जीवन के हर पल में तुम......
हर जगह बस तुम ही तुम......
तुम्हीं मेरी कविता हो
तुम्ही मेरी गीता हो......
तुम्ही मेरी क़ुरान हो....
तुम्ही मेरा भगवान हो.....
कैसे बताउँ मैं तुम्हे
मेरे लिए क्या हो तुम
कैसे बताउँ मैं तुम्हे.....
कैसे बताउँ मैं तुम्हे

# तुम श्वासों की गति पर ध्यान न देना.....

मुन्ना लाल वर्मा

तुम श्वासों की गति पर ध्यान न देना.....
तुम तलाशना मत
अपने खोये-खोये पन को
उसे तो
मैंनें सहेज लिया है,

तुम श्वासों की गति पर भी
ध्यान न देना
मेरे श्वासों संग अनुनादित होकर
इनका तीव्र होना तय है,
कोई ख़ास बात नही है
कमरे में रखी मोमबत्ती का
धीरे-धीरे पिघलना
यह पिघलन असर है
जलती लौ की तपिश का,
कुछ शब्द लिखना तुम
मेरी पीठ पर
मैं उन्हें अनुमान से
पढना चाहता हूँ
वजह न होते हुए भी
बेशक तुम रूठ जाना
मनाना सीखा है
असर देखूँगा

बस्स,
तुम उदास मत होना
यहीं मैं चूक जाउँगा
और तुम्हारे साथ-साथ
मैं भी उदास हो जाउँगा
मैं भी......

# Lives touched in 2014

Amir
Dr. Samir
Vijesh
Rachel & Rahul
Harmeet & Ahmar
Anish & Juhi
Rishi
Sofi & Bharat
Umang
Anamika & Asif
Malik
Shikha & Faizan
Atul and Farha
Vidhi
Tanvi
Shamina & Rishi
Kurudi
Neelam & Noor
Arjun & Shagufta
Sanjay & Rachna
Vishal & Shikha
Nazia & Rohit
Preeti & Harris
Shazia & Chandan
Divya & Rahul
Vishal
Saima & Paritosh
Samir
Shalini & Rizwan
Sumit
Nividita & Saifullah
Satish
Azhar & Meenu
Vasi
Akansha & Shoaib
Sandhya & Irfan
Raise
Veeranjali & Manab
Kriti
Sofie
Ani
Yogesh
Jaideep & Nayana
Ketan
Shyam & Pooja
Fauzia
Swapn & Farha
Neha
Sanya & Abhishek
Ruby & Anis
Shahista
Kashifa & Rajeev
Leela
Kausar & Bishan
Chanchal
Dr. Aashish & Dr. Mehraj

## Pledge for humanity

I take this vow today
That, with every individual
I will have a relation of humanity.

I will not differentiate with any
individual
over caste,
religion,
colour,
language,
region,
sex etc.

Neither will I consider myself
superior or inferior
due to societal differences.

I will not hate anybody elder to me
due to difference of opinion

And

I will always allow
those younger than me
to put across their views
and thoughts without any fear.

I will never resort to violence
in human relations.
My every thought and deed
will be based on human values.

Long live Humanity
Long live Equality
Long live Peace
Long live Love
Long live Humanism

## इंसानियत की शपथ

मैं आज ये प्रण लेती हूँ
कि, मैं हर शख्स से
इंसानियत का रिश्ता रखूँगी

मैं किसी भी शख्स से उसकी
ज़ाति,
धर्म,
रंग,
भाषा,
वर्ग,
क्षेत्र,
लिंग
आदि के कारण

कोई भेद–भाव नही करुँगीं
और ना ही अपने को
समाज निर्मित
भेद–भावों के आधार पर
ऊँचा

या नींचा मानूँगी

मैं आयु में बड़ों से
विचारों मे मत भेद के कारण घृणा नहीं करुँगी
और छोटों को बे– खौफ सवाल पूंछने
और विचार रखने का हमेशा मौका दूँगी

मैं इंसानी रिश्तों मे
हिंसा का प्रयोग
कभी नहीं करुँगी

मेरी हर सोच
और कर्म
मानवीय मूल्यों पर
आधारित रहेगी

इंसानियत .......... ज़िन्दाबाद
बराबरी .......... ज़िन्दाबाद
शांति .......... ज़िन्दाबाद
प्रेम .......... ज़िन्दाबाद
मानवीय एकता ......... ज़िन्दाबाद

* Hindi translation by Yogendra Datt

In solidarity

actionaid
ऑक्सफैम इंडिया OXFAM India
Anhad
INSAF

dhanak
E-163, Street No. – 3, West Vinod Nagar, Delhi – 110092
Email: dhanak04@rediffmail.com Website: www.dhanak.org.in
Facebook: www.facebook.com/dhanak.interfaithmarriages

* For private circulation only.